page 1_Layout 1 01-10-2026 21:47 Page 1

अनमोल वचन

'मुझे पाने के लिए किसी तीर्थ की नहीं, सच्चे मन की आवश्यकता होती है।'

डेली

आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » शुक्रवार, 2 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :160 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती



अभिषेक ने पाकिस्तान का सपना तोड़ा!

एशियन गेम्स में इंडियन हॉकी टीम ने पाकिस्तान को हराकर गोल्ड मेडल जीता

इंडिया और पाकिस्तान के बीच एशियन गेम्स 2026 का सेमीफाइनल आखिरी सेकंड तक रोमांचक मैच बना रहा। इंडिया ने शुरुआत में ही बढ़त बना ली थी और एक समय 3-0 से आगे था, लेकिन पाकिस्तान ने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। इंडिया के लिए कैप्टन हरमनप्रीत सिंह ने पहले क्वार्टर में दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। इसके बाद सुखजीत सिंह ने इंडिया की बढ़त 3-0 कर दी।

महाराष्ट्र : रायगढ़ के दिवेआगर बीच पर बड़ा हादसा, समुद्र में डूबने से 8 छात्रों की मौत

डेली आवाज भारती

रायगढ़। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के श्रीवर्धन तहसील स्थित दिवेआगर बीच पर गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। समुद्र में नहाने के दौरान आठ छात्रों की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद चलाए गए तलाशी अभियान में सभी आठ छात्रों के शव बरामद कर लिए गए। पुणे जिले के आलंदी स्थित विनर्स अकादमी के 11वीं और 12वीं साइंस के करीब 30 से 40 छात्र पर्यटन के लिए दिवेआगर आए थे। छात्र समुद्र तट पर घूमने और खेलने के दौरान पानी में उतरे थे। इसी दौरान कुछ छात्र समुद्र में नहाने लगे। बताया जा रहा है कि पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाने के कारण आठ छात्र डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही



स्थानीय प्रशासन और पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। शुरुआत में सात छात्रों के शव बरामद किए गए थे और एक छात्र की तलाश जारी थी। बाद में चलाए गए अभियान में आठवें छात्र का शव भी बरामद कर लिया गया। हादसे में जान गंवाने वाले छात्रों की पहचान यश किरण वानखेडे, सोहम तुकाराम भांडवलकर, तन्मय दत्तात्रय वाहिले, कौस्तुभ संदीप दौंड, कैवल्य वासनकर, राजवीर वहिले, प्रणव बनसोडे, सुमित अहिरे के तौर पर हुई है। घटना के बाद दिवेआगर बीच पर पुलिस, राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद हैं। प्रशासन की ओर से आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

एक साथ आठ छात्रों की मौत से पिकनिक की खुशियां मातम में बदल गई। हादसे की सूचना पीं ित परिजनों को दिए जाने के साथ ही आगे की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

मृत छात्रों के नाम हैं

1) तन्मय दत्तात्रय वाहिले
2) सुमित भरत अहिरे
3) प्रणव रामदास बानसोडे
4) कैवल्य सतीश वासंकर
5) राजवीर युवराज वाहिले
6) यश किरण वानखेड़े
7) सोहम तुकाराम भंडवलकर
8) कौस्तुभ संदीप दौंड

सऊदी अरब में नशा तस्करी में पंजाबी युवक को फांसी

बुजुर्ग मां ने सरकार से लगाई मदद की गुहार

- गुरप्रीत सिंह करीब चार साल पहले काम की तलाश में मस्कट गया था
- बेटे की मदद के लिए पीएम मोदी और सीएम भगवंत मान से अपील

डेली आवाज भारती



सऊदी अरब में नशा तस्करी के मामले में पंजाब के रोपड़ जिले के लोअर पट्टी गांव के युवक गुरप्रीत सिंह को फांसी की सजा सुनाई है। इस खबर को सुनकर परिवार काफी चिंता में है और सरकार से मदद की गुहार लगाई है। मां जसवंत कौर का कहना है कि गुरप्रीत सिंह करीब चार साल पहले काम की तलाश में मस्कट गया था। वहां वह ट्रक ड्राइवर के तौर पर काम करता था। गुरप्रीत उनके परिवार का इकलौता सहारा है। उसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। उन्होंने पीएम मोदी और सीएम भगवंत मान से भी अपील की है कि वह उनके बेटे की मदद के लिए हस्तक्षेप करें। जानकारी के अनुसार करीब दो साल पहले वह सऊदी अरब में नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार हो गया। मामला कोर्ट तक पहुंचा और अब परिवार के मुताबिक गुरप्रीत को फांसी की सजा सुनाई गई है। गुरप्रीत सिंह के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। ऐसे में परिवार की जिम्मेदारी काफी हद तक गुरप्रीत पर ही थी।

मंत्री हरजोत सिंह बैंस से मिलीं गुरप्रीत सिंह की मां

जसवंत कौर ने पंजाब के मंत्री हरजोत सिंह बैंस से मुलाकात कर अपने बेटे को बचाने की गुहार लगाई है। उन्होंने सरकार से सऊदी अरब के अधिकारियों के समक्ष मामला उठाने और गुरप्रीत की सजा कम करवाने के लिए हरसंभव प्रयास करने की मांग की है। परिवार को उम्मीद है कि सरकार की कोशिशों से गुरप्रीत को राहत मिल सकती है।

अमृतसर में स्कॉर्पियो कार सवार युवक की जिंदा जलकर मौत, टिप्पर से हुई थी टक्कर

- तरनतारन के गोइंदवाल साहिब का रहने वाला था गुरिंदर सिंह
- घायल होने के कारण गुरिंदर सिंह गाड़ी से निकल ही नहीं पाया
- वहीं मदद करने के बजाय टिप्पर चालक मौके से फरार हो गया

डेली आवाज भारती

अमृतसर। अमृतसर-तरनतारन बाइपास पर वीरवार को एक स्कॉर्पियो और



तारकोल से भरे टिप्पर में जबरदस्त टक्कर हो गई। इस टक्कर के बाद स्कॉर्पियो में आग लग गई, जिस कारण गाड़ी चला रहे युवक की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतक की पहचान 25 साल के गुरिंदर सिंह के रूप में हुई है, जो तरनतारन के गोइंदवाल साहिब का रहने वाला था। इस हादसे के बाद मदद करने के बजाय टिप्पर चालक मौके से फरार हो गया।

घायल होने के कारण नहीं निकल पाया कार से

जानकारी के मुताबिक हादसे के बाद गुरिंदर सिंह बुरी तरह से घायल हो गया, जिस कारण वह गाड़ी से निकल नहीं पाया। गाड़ी से न निकल पाने के कारण ही उसकी जिंदा जलकर मौत हो गई। आग बुझाने के बाद लोगों ने उसके शरीर को ड्राइविंग सीट से निकाला। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश में जुट गई है।

जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार एक्ट 2026 पर सात सदस्यीय कमेटी

- श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार को चिट्ठी लिखकर दी गई जानकारी
- सरकार की कमेटी में धार्मिक, न्यायिक और प्रशासनिक सदस्य शामिल

डेली आवाज भारती

पंजाब सरकार ने जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार एक्ट 2026 को लेकर श्री अकाल तख्त साहिब के

बेअदबी कानून पर सरकार का बड़ा कदम

जत्थेदार को चिट्ठी लिखकर 7 सदस्यीय कमेटी के गठन की जानकारी दी। सरकार ने बुधवार को जत्थेदार को यह चिट्ठी भेजी है। सरकार की कमेटी में धार्मिक, न्यायिक और प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े सदस्यों को शामिल किया गया है। पंजाब सरकार ने पीसीएस अधिकारी हरजीत सिंह संधू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वह पंजाब सरकार श्री अकाल तख्त साहिब की गठित कमेटियों के बीच तालमेल बनाने की कोशिश करेंगे। इस कमेटी में श्री अकाल तख्त साहिब के सुझावों और मार्गदर्शन को पूरे सत्कार के साथ विचार के अधीन लाया जाएगा।



भारत की चुनावी प्रक्रिया 'हाईजैक' और 'केंद्रीकृत' हो चुकी है : ममता बनर्जी

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को लेकर चल रहे विवाद के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में चुनाव प्रक्रिया को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को खुश करने के लिए 'हाईजैक' कर लिया गया है और 'केंद्रीकृत' कर दिया गया है। दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त को 'वैनिश कुमार' कहकर संबोधित किया और कहा कि जिसने नागरिकों के मतदान के अधिकार छीनने की कोशिश की है, मैं उसे कैसे माफ कर सकती हूं? इसका फैसला भारत की जनता को करना है।

राजा वड़िंग इस्तीफे के बाद मीडिया के सवालों पर भड़के

चन्नी बोले- नेता बदलना-ना बदलना दिग्गजों का फैसला

- इस्तीफे के सवाल पर वड़िंग ने कहा कि अगर आपको पता है तो फिर क्यों पूछ रहे हो?
- जब सही टाइम होगा तो वह मीडिया को सब बता देंगे, कुछ चीजें इंटरनल होती हैं
- अगर बदलना या नहीं बदलना इसका फैसला वहीं लेंगे, पार्टी में शफलिंग होती रहती

डेली आवाज भारती

पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह प्रधान राजा वड़िंग ने अपने पद से बुधवार देर रात इस्तीफा दे दिया।



अब इस इस्तीफे के बाद पार्टी हाईकमान ने दिल्ली में एक मीटिंग रखी है। इस मीटिंग में सांसद सुखजिंदर रंधावा, चरणजीत चन्नी और राजा वड़िंग शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस प्रधान को लेकर जब राजा वड़िंग से मीडिया ने सवाल करना चाहा तो वह भड़क गए। इस्तीफे के सवाल पर वड़िंग ने कहा कि अगर आपको पता है तो फिर क्यों पूछ रहे हो? जब सही टाइम होगा तो वह मीडिया को सब बता देंगे, कुछ चीजें इंटरनल होती हैं, जल्द ही इस बारे में मीडिया को बताया जाएगा। राजा वड़िंग के इस्तीफे पर चन्नी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की प्रेरोगेटिव है और मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी का यह प्रेरोगेटिव है। ऐसे में वहीं दोनों दिग्गज नेता देखेंगे कि किस नेता को बदलना है, ऐसे में अगर बदलना है या नहीं बदलना फैसला वहीं लेंगे, पार्टी में शफलिंग होती रहती है।

चरणजीत चन्नी ने पायलट की तारीफ की

इस दौरान सचिन पायलट के तारीफों के पुल बांधते हुए चन्नी ने कहा कि वह हमारी साथ वाली स्टेट से है और उनके आने से पार्टी के कार्यकर्ताओं में नई उम्मीद जागी है, ऐसे में उन्हें लग रहा है कि सचिन पायलट इस उम्मीद को आगे तक लेकर जाएंगे।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब की महिलाओं के खातों में एक बार फिर डाली सम्मान राशि

- मोबाइलों पर 'टूं-टूं' के संदेश आते ही महिलाओं के चेहरों पर छाई ख़ुशी
- पैसे आने के बाद पंजाब की महिलाओं ने लगाया एक ही नारा: 'भगवंत मान सरकार मुड़ दुबारा'

डेली आवाज भारती

खंडूर साहिब/सुकून महाजन: 'मावां-धीआं सतिकार योजना' के तहत 3,000 से 4,500 रुपये सीधे खातों में ट्रांसफर होने की पुष्टि वाले 'टूं-टूं' के संदेश मिलते ही पंजाब की महिलाओं के चेहरों पर छाई खुशी ने इस भलाई योजना के सकारात्मक प्रभाव पर मोहर लगा दी है, जिसके चलते राज्य भर की महिलाएं फिर से भगवंत मान सरकार लाने के हक में नारा लगा रही हैं। श्री गोइंदवाल साहिब में विशाल इकट्ठ को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनकी सरकार लोगों के टैक्स का पैसा सीधा उनकी भलाई वाली योजनाओं में लगा रही है और दावा किया कि जब तक उनकी सरकार सत्ता में रहेगी, महिलाओं के मोबाइल फोनों पर 'टूं-टूं' के संदेश लगातार पहुंचते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि अगर कांग्रेस, भाजपा या अकाली दल सत्ता में आते हैं तो महिलाओं की मासिक सम्मान राशि, मुफ्त बिजली और मुफ्त बस यात्रा जैसी सुविधाएं बंद कर दी जाएंगी।

अपने 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट साझा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने लिखा, श्री गोइंदवाल साहिब में हुए समागम में इतनी बड़ी संख्या में पहुंचने के लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। आज 'मावां धीआं सतिकार योजना' के तहत माएँ-बेटियों के खातों में 3,000 से 4,500 रुपये सीधे ट्रांसफर किए गए हैं। हमारी सरकार



लोगों के टैक्स का पैसा सिर्फ और सिर्फ उनकी भलाई पर खर्च कर रही है। इसी ईमानदार नीति की बदौलत पंजाब आज शिक्षा और अन्य जनसेवाओं में देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। इंकलाब जिंदाबाद। श्री खडूर साहिब में करवाए गए समागम के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने महान सिख गुरु साहिबान की चरण स्पर्श प्राप्त इस पवित्र धरती पर नतमस्तक होकर अपनी श्रद्धा और सम्मान भेंट किया। इस दौरान संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, यह वही पवित्र धरती है, जहां श्री गुरु अमरदास जी ने सती प्रथा का अंत किया और लंगर प्रथा को और मजबूत किया, जिसमें माता खीवी जी ने खुद सेवा निभाई। उन्होंने कहा कि इसी लिए हमने 'मावां-धीआं सतिकार योजना' के लिए इस महान और ऐतिहासिक धरती का चयन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब की माएँ-बेटियों के लिए अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर महीने की दूसरी किस्त जारी की जा रही है और 36.87 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 1,262.54 करोड़ रुपये सीधे ट्रांसफर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, आज हर महिला को तीन महीने की किस्त एक साथ मिल रही है। इससे पहले 73.99 लाख महिलाओं को सम्मान राशि के रूप में 2,562.33 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। आज की राशि को मिलाकर अब तक महिलाओं के बैंक खातों में सम्मान राशि के रूप में कुल 3,824.87 करोड़ रुपये सीधे भेजे जा चुके हैं। उन्होंने कहा, ÷यह योजना एक सामाजिक क्रांति है, जो हमारी माएँ-बेटियों का आत्म-विश्वास और स्वाभिमान बढ़ाएगी। यह महिलाओं की आर्थिक आजादी का मार्ग भी है। पंजाब की लगभग 97 फीसदी महिलाएं इस योजना का लाभ लेने के योग्य होंगी। यह देश की अपनी तरह की पहली ऐसी योजना है, जिसके तहत सभी योग्य महिलाओं को सम्मान राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सम्मान योजना का लाभ एक करोड़ महिलाओं तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, इस योजना के तहत कोई शर्तें नहीं हैं। अगर एक ही परिवार में तीन महिलाएं योग्य हैं तो तीनों ही सम्मान राशि लेने की हकदार हैं।

हरजिंदर सिंह धामी पंजाब पुलिस के साथ सहयोग करने के बजाय सीबीआई जांच की मांग क्यों कर रहे हैं? : बलतेज पन्नू

- हरजिंदर सिंह धामी 1 लाख रुपये और आठ महीने के रिहायश का स्पष्टीकरण दें
- स्टे के ट्रांसफर के बारे में बताना चाहिए : बलतेज पन्नू

डेली आवाज भारती

चंडीगढ। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने गुरुवार को एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर सिंह धामी की श्री आनंदपुर साहिब में एसजीपीसी द्वारा चलाए जा रही सराय में एक महिला के आठ महीने तक रहने की सीबीआई जांच की मांग पर सवाल उठाया और पूछा कि एसजीपीसी पंजाब पुलिस के साथ सहयोग करने से क्यों भाग रही है, जो पहले से ही मामले की जांच कर रही है। आप पंजाब मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने कहा कि किसी दूसरी एजेंसी से जांच की मांग करने के बजाय, हरजिंदर सिंह धामी को महिला के रहने से जुड़े बेसिक सवालों के जवाब देने चाहिए और एसजीपीसी के पास मौजूद सभी ज़रूरी रिकॉर्ड पंजाब पुलिस को देने चाहिए।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आप पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने कहा, 'हरजिंदर सिंह धामी, जो खुद को 'सुखबीर सिंह बादल का सिपाही' मानते हैं, इस मामले में उठाए गए बेसिक सवालों का जवाब देने में फेल रहे हैं और अब पंजाब पुलिस को ज़रूरी रिकॉर्ड देने के बजाय सीबीआई जांच की मांग कर



रहे हैं। मुख्य सवाल यह हैं कि महिला को श्री आनंदपुर साहिब क्यों लाया गया, उसके रहने का इंतज़ाम किसने किया, वह आठ महीने तक वहां क्यों रही, और एसजीपीसी ने उसे गाड़ी, अटेंडेंट और दूसरे खर्चे क्यों दिए?' आप पंजाब के मीडिया इंचार्ज ने कहा कि हरजिंदर सिंह धामी एसजीपीसी अकाउंट से महिला के अकाउंट में 1 लाख रुपये ट्रांसफर होने के बारे में भी कोई सफाई नहीं दे पाए हैं, जिसे पहले ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उठाया जा चुका है। उन्होंने कहा, 'जब संस्था के पास खुद तथ्य साबित करने के लिए ज़रूरी रिकॉर्ड हैं, तो एसजीपीसी सीबीआई जांच की मांग क्यों कर रही है? सराय के रजिस्टर से यह साफ होना चाहिए कि महिला के रहने की सिफारिश किसने की, उसके रहने की जगह को किसने मंजूरी दी और उसके लिए किए गए दूसरे इंतज़ामों को किसने मंजूरी दी।

उन्होंने कहा कि एसजीपीसी को पंजाब पुलिस को महिला को दी गई गाड़ी, उसके साथ तैनात सेवादार, उसके रहने पर हुए खर्च और उससे जुड़े सभी फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन की पूरी डिटेल्स देनी चाहिए। बलतेज पन्नू ने सवाल उठाया कि एसजीपीसी प्रधान पंजाब पुलिस की जांच को आगे बढ़ने देने के बजाय सीबीआई जांच की मांग क्यों कर रहे हैं। 2015 में बेअदबी के मामलों में सीबीआई की पहली जांच का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि केस जांच एजेंसी को सौंपने के बाद, सीबीआई ने आखिरकार क्लोजर रिपोर्ट फाइल कर दी थी। उन्होंने कहा कि इस अनुभव से यह सवाल उठता है कि क्या मौजूदा केस को किसी दूसरी एजेंसी को सौंपने से यह मामला भी पीछे चला जाएगा।

उन्होंने कहा, इस केस को किसी दूसरी एजेंसी को सौंपकर इसे आसानी से साइडलाइन नहीं किया जा सकता। श्री आनंदपुर साहिब की सराय में जो हुआ, उस पर गंभीर सवाल हैं, और उन सवालों के लिए पारदर्शिता और जवाब चाहिए।

सुखबीर सिंह बादल का 6 अक्टूबर से डोर-टू-डोर प्रचार होगा शुरू

10 नवंबर से बस यात्रा निकालकर, बजाएंगें चुनावी बिगुल

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। शिरोमणी अकाली दल ने आज आगामी विधानसभा चुनावों के लिए एक गहन प्रचार कार्यक्रम जो 6 अक्टूबर से घर-घर जाकर प्रचार शुरू करने और 10 नवंबर से तलवंडी साबो से पार्टी अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल की अगुवाई में राज्यव्यापी बस-यात्रा का शुभारंभ करने की घोषणा की। अकाली दल अध्यक्ष डोर-टू-डोर प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगें और यह अटारी से शुरू होकर और अकाली दल अध्यक्ष के चुनावी घोषणा पत्र को तैयार करने के लिए सुझाव के लिए सभी विधानसभा हलकों में एक साथ इसका आयोजित किया जाएगा। चुनाव घोषणा पत्र को जारी करने की तिथि 1 नवंबर निर्धारित की गई है। बठिंडा सांसद बीबा हरसिमरत कौर



बादल 5 अक्टूबर को श्री मुक्तसर साहिब से महिलाओं के नशा विरोधी आंदोलन के दूसरे चरण की शुरूआत करेंगी। यह आंदोलन नारे '' मावां-धीयां दी ललकार, बंद करो नशा दा व्यापार' को राज्य के हर घर तक पहुंचाया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री सरदार परकाश सिंह बादल के जन्मदिवस पर मोगा के ऐतिहासिक गांव किल्ली चाहलां में 8 दिसंबर को एक विशाल जनसभा आयोजित करने की योजना बनाई गई है। एक प्रेस कांफ्रेंस में वरिष्ठ नेताओं स. बलविंदर सिंह भूंदे और डॉ. दलजीत सिंह चीमा द्वारा इन फैसलों की घोषणा की गई। इस बारे में जानकारी देते हुए नेताओं ने कहा कि सरदार सुखबीर सिंह बादल की अध्यक्षता में पार्टी के 'हलका इंचार्ज' और ऑब्जर्वरों की मीटिंग के बाद यह फैसला लिया गया है। नेताओं ने कहा कि लोगों की फीडबैक लेने के लिए 6 अक्टूबर को घर-घर जाकर अभियान शुरू किया गया क्योंकि वे पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करना चाहते हैं। उन्होने कहा,'' इससे पहले घोषणा पत्र कमेटी ने पार्टी की अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के संगठनों के साथ मीटिंग की और किसानों, व्यापारियों , नौजवानों और सरकारी कर्मचारियों के साथ मिलकर इस कवायद को जारी रखेगी।

CMYK

page 2_Layout 1 01-10-2026 17:11 Page 1

श्रीमद् भागवत कथा आत्मा के परम कल्याण और जीवन को सही दिशा देने की पवित्र यात्रा : नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा आत्मा को जागृत करने, जीवन को सही मार्ग दिखाने तथा समाज में सद्भाव और धर्म की स्थापना का माध्यम है। श्रीमद् भागवत महापुराण को भारतीय संस्कृति का हृदय कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के माध्यम से इसमें जीवन के गूढ़ सत्य, कर्म, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को पंजाब के पंजोला (पटियाला) में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कथा वाचक सीतापाल शास्त्री जी, संत-महात्मागण और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा आत्मा के परम कल्याण की पवित्र यात्रा है। इसका प्रसंग उस पावन वेला से जुड़ा है, जब महर्षि वेदव्यास के पुत्र भगवान शुकदेव जी ने गंगा के पावन तट पर महाराज परीक्षित को यह कथा सुनाई थी। महाराज परीक्षित को सात दिनों के भीतर तक्षक नाग के डसने का शाप प्राप्त था, लेकिन उन्होंने मृत्यु के भय से परे होकर इन सात दिनों में भागवत का अमृतरस पान किया। इसी कारण भारतीय संस्कृति में भागवत कथा प्रायः सात दिनों के अनुष्ठान के रूप में आयोजित की जाती है।

युवाओं को नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मानव के भौतिक और आध्यात्मिक जीवन के बीच संतुलन बनाने का काम करती है तथा युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत और नैतिक मूल्यों से जोड़ती है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराई से स्वयं भी दूर रहें और अपने साथियों को भी इससे बचाएं। नशा व्यक्ति के शरीर और मन के साथ-साथ परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। युवाओं को अपनी ऊर्जा नशे में नष्ट करने के बजाय शिक्षा, खेलकूद, कौशल विकास, समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण जैसे श्रेष्ठ कार्यों में लगानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार संतों, महापुरुषों और हमारी सनातन संस्कृति के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में 'संत-महापुरुष विचार प्रसार एवं सम्मान योजना' चलाई जा रही है, जिसके तहत महान संतों, ऋषियों और महापुरुषों की जयंतियां राज्य स्तर पर श्रद्धा के साथ मनाई जाती हैं।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के मुख से निकले गीता के अमर संदेश को मानवमात्र तक पहुंचाने के लिए हर वर्ष कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन में गीता का शाश्वत संदेश आज विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे अपने परिवार और बच्चों के साथ कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर अनुभव केंद्र का भ्रमण करें तथा महाभारत के जीवंत वृत्तांत और गीता के दिव्य दर्शन की अनुभूति करें।

चंडीगढ़ और सिसवां रोड पर बरसाती पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर कौंसिल की टीम युद्धस्तर पर कर रही काम

कुरालीवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध हैं: कौंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके

डेली आवाज भारती



कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): स्थानीय शहर में बरसाती पानी की निकासी की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के लिए नगर कौंसिल की ओर से चंडीगढ़ रोड और सिसवां रोड पर युद्धस्तर पर काम करवाया जा रहा है। नगर कौंसिल के प्रधान बहादुर सिंह ओके की अगुवाई में कौंसिल की टीम द्वारा बरसाती पानी की मार झेल रहे क्षेत्रवासियों को राहत पहुंचाने के लिए निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाने के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। कौंसिल की टीम द्वारा मुख्य ट्रैफिक लाइटों वाले चौक में पिछले लंबे समय से बंद पड़े निकासी नालों की जेटिंग मशीनरी के माध्यम से सफाई करवाई जा रही है। चल रहे इन कार्यों का जायजा लेते हुए कौंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके ने कहा कि शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना नगर कौंसिल की प्राथमिकता है और इस दिशा में जरूरी कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले लंबे समय से पुराने निकासी नालों की उचित सफाई और देखभाल न होने के कारण चंडीगढ़ रोड और सिसवां रोड से लगती गलियों तथा सड़कों पर थोड़ी सी बारिश होने पर भी पानी जमा हो जाता था। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि शहरवासियों की ओर से लंबे समय से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की जा रही थी। कौंसिल प्रधान ने कहा कि अब इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए निकासी व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। इसके तहत क्षेत्र में बड़े आकार की सीमेंटेड पाइपें डाली जा रही हैं, ताकि बरसाती पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके और लोगों को बार-बार पैदा होने वाली समस्या से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि शहर में जहां भी निकासी नाले बंद पड़े हैं, उनकी सफाई करवाकर पानी की निकासी सुनिश्चित करने के लिए नगर कौंसिल के सैनिटरी विभाग की टीम के साथ मिलकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को साफ-सुथरा वातावरण और बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कौंसिल की ओर से लगातार कार्य किए जा रहे हैं। बहादुर सिंह ओके ने शहरवासियों से अपील की कि वे शहर की सफाई, सुंदरता और विकास के लिए चल रहे कार्यों में नगर कौंसिल की टीम को पूरा सहयोग दें। उन्होंने लोगों से निकासी नालों में कूड़ा न डालने की भी अपील की, ताकि बरसाती पानी की निकासी व्यवस्था प्रभावित न हो। इस अवसर पर कौंसलर शालू धीमान के पति हैप्पी धीमान, कौंसलर डॉ. अश्विनी शर्मा, पूर्व कौंसलर रमाकांत कालिया, बिक्रम सिंह बीका, नंदीपाल बंसल और अशोक कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने बदला सोशल मीडिया बायो, लिखा-'पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष'

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़ । पंजाब कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच लुधियाना से सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने अपने सोशल मीडिया बायो में बदलाव किया है। उन्होंने अपने बायो में %पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष% लिखा है। इससे प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई है। बता दें कि इससे पहले गुरुवार को ही अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने प्रदेश अध्यक्ष पद में संभावित बदलाव के संकेत दिए थे। उन्होंने अपने इस्तीफे की खबरों पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया और कहा कि %कुछ मुद्दे अंदरूनी हैं%। जब उनसे पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीपीसीसी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की खबरों के बारे में पूछा गया तो वड़िंग ने पत्रकारों से कहा, ÷मैं अभी कुछ भी टिप्पणी नहीं करना चाहता। मैं आप सभी को बता दूंगा। कुछ मुद्दे अंदरूनी हैं।÷

पार्टी अगले विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब में अंदरूनी मतभेदों से जूझ रही है। पार्टी के अंदर कई धड़े हैं जो ज्यादा अहमियत चाहते हैं। अमरिंदर सिंह वड़िंग को भी पार्टी के कुछ हिस्सों से चुनावी प्रदर्शन और उनके नेतृत्व को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ा है। 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस में अध्यक्ष पद को लेकर लगातार अटकलें लग रही हैं। कई नेताओं के नाम इस रेस में सामने आ रहे हैं। ऐसे में वड़िंग द्वारा सोशल मीडिया बायो बदलकर खुद को पूर्व अध्यक्ष बताना इस बात का बड़ा संकेत माना जा रहा है कि जल्द ही पंजाब कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिल सकता है। हालांकि पार्टी की ओर से अभी तक इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

पंजाब में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद में संभावित बदलाव को चुनाव से पहले संगठन को नए सिरे से तैयार करने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है।

एलपीयू हिंसा के पीछे बड़ी साजिश की आशंका, सच सामने आना जरूरी : अशोक मित्तल

डेली आवाज भारती

जालंधर । पंजाब के जालंधर जिले में स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में हुई हिंसा को लेकर फाउंडर, चांसलर और भाजपा सांसद अशोक मित्तल की प्रतिक्रिया सामने आई है। आईएएनएस से बातचीत करते हुए अशोक मित्तल ने कहा, ÷पंजाब में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए एक झूठी अफवाह फैली कि एक लड़की से दुष्कर्म हुआ और उसने आत्महत्या कर ली। साथ ही ऐसे ही और भी दावे किए गए। किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि सिर्फ एक अफवाह से कितना नुकसान हो सकता है। शोक मित्तल ने सवाल किया कि छात्रों को कैसे उकसाया गया और बाद में बाहरी लोग कैसे शामिल हुए और पूरी यूनिवर्सिटी को नुकसान पहुंचाया। एक दिन पहले ऐसी ही घटना पटियाला की एक यूनिवर्सिटी में हुई। इससे पता चलता है कि इसके पीछे कोई बहुत बड़ी साजिश हो सकती है। उस साजिश की तह तक



जाना, उसका पर्दाफाश करना और सच को जनता के सामने लाना बहुत जरूरी है।÷ उन्होंने कहा, पंजाब की जनता और व्यापारी भयभीत हैं। व्यापारी सोच रहे हैं कि पंजाब में रहें या बाहर चले जाएं। गिरफ्तारियों की जानकारी मुझे नहीं है, लेकिन अगर गिरफ्तारी हुई है तो अच्छी बात है। एक दिन पहले पटियाला की यूनिवर्सिटी में और एक दिन बाद एलपीयू में घटना होना चिंता का विषय है। पंजाब में तीन करोड़ लोग रहते हैं, मुझे उनकी चिंता है, क्योंकि राज्यसभा में मैं उनका प्रतिनिधि हूं। पंजाब में गैंगस्टर समस्या और ड्रग्स पर कोई कंट्रोल नहीं है। कानून-व्यवस्था पर कोई कंट्रोल नहीं है और अब यह एक नई समस्या आ गई। इसलिए इसकी जांच करना बहुत जरूरी है। पंजाब में नशा खत्म करने वाले गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर अशोक मित्तल ने कहा, ÷गृह मंत्री स्पष्ट रूप से बोला है कि भाजपा की सरकार जहां भी आई अपने वादे को पूरा किया। भाजपा ने 50-60 वर्ष की नक्सलवाद समस्या को खत्म कर दिया। अनुच्छेद 370 को भाजपा ने खत्म कर दिया। कुछ राज्यों में उग्रवाद था। भाजपा ने उसको भी खत्म कर दिया। नशा भी उग्रवाद का ही एक हिस्सा है। अगर भाजपा ने नशे को खत्म करने का ठान लिया है और हमारी सरकार बन जाती है तो हम कर लेंगे। इसको खत्म करना बहुत आसान है।

पुलिस ने 9 ग्राम हेरोइन के साथ दो को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना लक्खोके बहराम और थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार चलाई मुहिम तहत बीते दिन विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 9 ग्राम हैरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम के एएसआई महिन्द्र सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर किक्कर सिंह पुत्र गज्जन सिंह वासी गां हामद को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 6 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

इलैयाराजा को सुप्रीम कोर्ट से झटका, 'एन इनिया पोन निलावे' के कॉपीराइट मामले में सारेगामा के पक्ष में फैसला बरकरार

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । संगीतकार इलैयाराजा और म्यूजिक कंपनी सारेगामा इंडिया के बीच चल रहे कॉपीराइट विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलैयाराजा को राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ इलैयाराजा की अपील पर दखल देने से इनकार किया, जिसमें 'एन इनिया पोन निलावे' गाने के कॉपीराइट को लेकर सारेगामा के पक्ष में फैसला दिया गया था। यह गाना 1981 में आई तमिल फिल्म 'मूडू पनी' का है और इसे के.जे. येसुदास ने गाया था। मामला दरअसल इस बात को लेकर था कि गाने के अलग-अलग हिस्सों- धुन, लिरिक्स और साउंड रिकॉर्डिंग पर किसका कॉपीराइट है। दिल्ली हाईकोर्ट ने मई 2026 में साफ किया था कि इलैयाराजा को गाने की म्यूजिकल कंपोजिशन पर कॉपीराइट हासिल है लेकिन वह गाने के लिरिक्स या उसकी साउंड रिकॉर्डिंग पर अधिकार का दावा नहीं कर सकते। यह पूरा विवाद तब सामने आया जब फिल्म 'अघथिया' में 'एन इनिया पोन निलावे' का रीक्रिएटेड वर्जन इस्तेमाल किया गया। इसे लेकर सारेगामा ने आपत्ति जताई थी। कंपनी का कहना था कि उसके पास मूल फिल्म 'मूडू पनी' की साउंड रिकॉर्डिंग के अधिकार हैं। दूसरी तरफ इलैयाराजा की ओर से इस



गाने को लेकर लाइसेंस दिए जाने की बात सामने आई। इसी के बाद कॉपीराइट को लेकर कानूनी लड़ाई शुरू हुई।

दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कॉपीराइट के तीन अलग हिस्सों- म्यूजिकल कंपोजिशन, लिरिक्स और साउंड रिकॉर्डिंग के बीच अंतर किया। हाईकोर्ट ने कहा कि इलैयाराजा गाने के संगीत के कंपोजर होने के नाते उसकी म्यूजिकल कंपोजिशन पर अधिकार रखते हैं। हालांकि, फिल्म में इस्तेमाल हुई साउंड रिकॉर्डिंग पर उनका अधिकार नहीं है। हाईकोर्ट ने कहा कि 25 फरवरी 1980 के एक एग्रीमेंट के जरिए 'मूडू पनी' में मौजूद साउंड रिकॉर्डिंग के कॉपीराइट मूल कंपनी से सारेगामा के पास चले गए थे।

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि इलैयाराजा के पास अपनी म्यूजिकल कंपोजिशन से जुड़े कुछ अधिकार बने रहते हैं लेकिन वे अधिकार लिरिक्स या साउंड रिकॉर्डिंग तक नहीं जाते। ऐसे में वह उस फिल्म में रिकॉर्ड किए गए गाने की मूल रिकॉर्डिंग को अपनी संपत्ति बताकर किसी दूसरे पक्ष को अधिकार नहीं दे सकते।

इससे पहले जनवरी 2025 में दिल्ली हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने सारेगामा के पक्ष में अंतरिम राहत दी थी। इसके बाद इलैयाराजा ने इस आदेश को चुनौती दी थी। मई 2026 में डिविजन बेंच ने भी सिंगल बेंच के फैसले को बरकरार रखा था। इसके बाद इलैयाराजा ने फैसले की समीक्षा की मांग की लेकिन 26 मई को दिल्ली हाईकोर्ट ने उनकी रिव्यू याचिका भी खारिज कर दी। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट ने इस गाने को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा है।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच मजबूत बनी भारतीय अर्थव्यवस्था, दूसरी तिमाही में 7.3 प्रतिशत वृद्धि का अनुमानः वित्त मंत्रालय

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । वित्त मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी सितंबर माह की %मंथली इकोनॉमिक रिव्यू% के अनुसार, वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत मजबूत आधार के साथ की है। मंत्रालय का कहना है कि पहली तिमाही में दिखी विकास की रफ्तार दूसरी तिमाही में भी जारी है, हालांकि इसकी गति कुछ संतुलित रहने की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार, आर्थिक सर्वेक्षण में पेश किए गए नाउकास्टिंग मॉडल के आधार पर वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम



एशिया में जारी संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों और व्यापारिक मार्गों को प्रभावित किया है, जिससे दुनिया की कई अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ा। इसके बावजूद भारत ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर्ज की, जो मौजूदा शृंखला में किसी भी वित्त वर्ष की पहली तिमाही का सबसे ऊंचा स्तर है। समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वृद्धि व्यापक आधार पर रही। विनिर्माण, निर्माण और सेवा क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन देखने को मिला। घरेलू मांग ने अर्थव्यवस्था को समर्थन दिया, जबकि निवेश वृद्धि का महत्वपूर्ण आधार बनकर उभरा। रिपोर्ट के अनुसार, निवेश दर मौजूदा शृंखला के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। वित्त मंत्रालय का मानना है कि ऊर्जा आपूर्ति और महत्वपूर्ण कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा समय पर उठाए गए कदमों ने अर्थव्यवस्था को बाहरी झटकों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कीमतों का सीमित असर घरेलू ईंधन कीमतों पर पड़ने से भी आर्थिक गतिविधियां प्रभावित नहीं हुईं। हालांकि कुछ उच्च आवृत्ति संकेतकों में वृद्धि की रफ्तार पहले की तुलना में थोड़ी धीमी रही। ई-वे बिल जनरेशन और मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई की वृद्धि दर में कुछ नरमी देखी गई।

बैंक कर्मचारियों की हर शनिवार छुट्टी की रिपोर्ट को सरकार ने किया खारिज, कहा- नहीं जारी की अधिसूचना

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । बैंक कर्मचारियों की हर शनिवार छुट्टी की सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही रिपोर्ट को सरकार ने गुरुवार को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि वित्त मंत्रालय की ओर से ऐसी कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत आने वाले पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर पोस्ट कर कहा, ÷सोशल मीडिया पर वित्त मंत्रालय (वित्तीय सेवा विभाग) का बताया जा रहा एक राजपत्र वायरल हो रहा है, जिसमें दावा किया गया है कि केंद्र सरकार ने एसबीआई समेत सभी पब्लिक सेक्टर बैंकों के लिए हर शनिवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है।÷ पोस्ट में आगे बताया गया,÷जो दस्तावेज वायरल हो रहा है वह फर्जी है। वित्त मंत्रालय ने ऐसी कोई अधिसूचना जारी नहीं की है, जिसमें सरकारी बैंकों के लिए हर शनिवार को अवकाश घोषित किया गया हो। सोशल मीडिया पर ÷भारत का राजपत्र÷ नाम से एक दस्तावेज वायरल हो रहा था, जिसमें लिखा हुआ था कि विनिमय लेख अधिनियम, 1881 (1881 का 26) की धारा 25 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार, लोकहित में, सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (जिसमें भारतीय स्टेट बैंक भी शामिल है) की सभी शाखाओं में, प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक अवकाश के रूप में घोषित करती है। साथ ही कहा कि यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इससे पहले सरकारी बैंक कर्मचारियों ने सप्ताह में 5 दिन कार्यदिवस को लेकर 28-30 सितंबर तक की हड़ताल का ऐलान किया था। हालांकि, इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) और यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के बीच रविवार रात हुई बैठक में विभिन्न लंबित मुद्दों पर विचार-विमर्श के बाद आंदोलन और हड़ताल के कार्यक्रम को स्थगित करने पर सहमति बनी।

हरियाणा में सतीश पूनिया और सुरेंद्र नागर के विदाई समारोह में नेताओं ने उनके योगदान को सराहा

डेली आवाज भारती



पंचकूला । हरियाणा भाजपा के निवर्तमान प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पुनिया, पूर्व सह-प्रभारी सुरेंद्र नागर और पूर्व संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा ने अपने कार्यकाल के समापन के बाद पद छोड़ दिया है। इसी उपलक्ष्य में पंचकूला में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस समारोह में सतीश पुनिया, सुरेंद्र नागर और फणींद्रनाथ शर्मा को पार्टी में उनके योगदान के लिए सम्मानित कर विदाई दी गई। वहीं, हरियाणा भाजपा में नए संगठन महामंत्री के रूप में कार्यभार संभालने वाले पवन राणा का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस बीच हरियाणा के कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा ने आईएएनएस से बातचीत में तीनों नेताओं के कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा, ÷सतीश पुनिया, सुरेंद्र नागर और फणींद्रनाथ शर्मा ने बहुत मेहनत की। जमीन पर जाकर काम किया, संगठन को खड़ा किया और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया। और उसका नतीजा क्या निकला? सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार स्पष्ट बहुमत की सरकार बनी।÷

महिपाल ढांडा ने कहा कि आज इन नेताओं की विदाई हो रही है लेकिन पार्टी में इनका कद और बड़ा हुआ है। उन्होंने विशेष रूप से सतीश पुनिया को पंजाब की नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा, ÷उनको पंजाब की जिम्मेदारी मिली है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनका जो राजनीतिक कौशल है, जिसमें वो बहुत कुशल हैं, उसका लाभ पंजाब की भारतीय जनता पार्टी को जरूर मिलेगा।÷

ढांडा ने कहा कि पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी की सरकार से दुखी, त्रस्त और पीड़ित है। कांग्रेस ने भी उनके साथ छल किया है और उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। जनता अब इन दोनों दलों पर विश्वास नहीं करती। पंजाब की जनता पड़ोसी राज्यों को देख रही है। वह देख रही है कि जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां समृद्धि है, खुशहाली है और शांति है। पंजाब में कदम-कदम पर चुनौतियां और कठिनाइयां हैं और लोग निराश हैं।

पंजाब सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि चुटकुले सुनाकर सरकार नहीं चलती, यह कोई ड्रामा क्लब नहीं है। सरकार चलाने के लिए अनुभव और नीतियां चाहिए, जो इनके पास नहीं है। इसलिए लोगों ने इन्हें नकार दिया है और अब भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए लोग तैयार बैठे हैं। सतीश पुनिया जैसे अनुभवी व्यक्तित्व का पंजाब जाना संगठन के लिए जीत सुनिश्चित करेगा।

वहीं, हरियाणा के मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा, ÷भारतीय जनता पार्टी में समय-समय पर बदलाव होता रहता है। पूर्व प्रभारी सतीश पुनिया, पर्व सह-प्रभारी सुरेंद्र नागर और पूर्व संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा के मार्गदर्शन में ही हरियाणा में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनी। उन्होंने संगठन को मजबूत करने का काम किया। गंगवा ने कहा कि सतीश पुनिया को पंजाब का प्रभारी बनाया गया है, जहां जल्द ही चुनाव होने हैं। उनका लंबा प्रशासनिक और संगठनात्मक अनुभव निश्चित रूप से पंजाब में पार्टी संगठन को मजबूत करेगा और चुनाव में भाजपा को इसका बड़ा लाभ मिलेगा।

CMYK

page 3_Layout 1 01-10-2026 21:22 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ⟫ शुक्रवार, 2 अक्तूबर 2026

तलवंडी झुंगला के 70 परिवार अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' में शामिल

गांव की 35 सदस्यीय कमेटी का गठन

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' हलका बटाला की अहम बैठक गांव तलवंडी झुंगला में हुई। इसमें बड़ी संख्या में गांव के निवासियों, महिलाओं और युवाओं ने भाग लिया।

बैठक में पृथीपाल सिंह बटाला, कार्यकारिणी कमेटी सदस्य एवं इंचार्ज हलका बटाला, गुरदेव सिंह शाही, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जसबीर सिंह काहनूवान रोड, सुखजीत सिंह सहाबपुरा, खुशकरन सिंह हेयर, बीबी प्रभजोत कौर बटाला, वरिष्ठ नेता महिला विंग, बीबी सुखजीत कौर, दिलबाग सिंह गोबिंद नगर, दलजीत सिंह टोनी, सरपंच मनजीत सिंह, जगजीत सिंह बटाला, लवप्रीत सिंह वडाला ग्रंथियां, सूबेदार हरवंत सिंह, हरदीप सिंह धारीवाल भोजा, सुखविंदर सिंह, हरजीत सिंह हीरा, दिलबाग सिंह चा गिल, मेवा सिंह नवां पिंड, हरमीत सिंह, गुरदीपक सिंह, अभिषेक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ नेता विशेष रूप से शामिल हुए। पृथीपाल सिंह बटाला ने कहा कि पंजाब को अंग्रेजों और अब्दालियों ने भी उतना नहीं लूटा, जितना आम आदमी पार्टी के दिल्ली वाले नेताओं ने लूटकर ले लिया है। उन्होंने कहा कि बदलाव के नाम पर पंजाब की लूट हुई है और इसे कर्जदार राज्य बना दिया गया है। गुरदेव सिंह शाही ने कहा कि लोगों को खजाना नको-नक भरने का सब्जबाग दिखाकर आम आदमी पार्टी की सरकार ने खजाना ही खत्म कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों के पैसे को बाहरी लोगों पर लुटाया गया है। बीबी प्रभजोत कौर ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के बड़े-बड़े वादे करके सरकार ने इन क्षेत्रों में कुछ नहीं किया। महंगी शिक्षा और महंगे इलाज के कारण परिवार बर्बाद हो रहे हैं। बीबी सुखजीत कौर ने कहा कि नशे के कारण गांव-गांव और मोहल्लों में युवाओं की लाशें आ रही हैं। खुशकरन सिंह ने कहा कि पार्टी सभी जातियों, वर्गों और धर्मों के लोगों को साथ लेकर महाराजा रणजीत सिंह जैसा राज पंजाब में लाएगी। जज वोहरा ने कहा कि पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति भगवान के भरोसे चल रही है। पलविंदर सिंह शुक्रपुरा ने कहा कि पार्टी में सभी जातियों और धर्मों के लोगों का स्वागत है तथा किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। हरवंत सिंह धारीवाल भोजा ने कहा कि यदि पंजाब के युवाओं और पंजाब को बचाना है तो भाई अमृतपाल सिंह की अगुवाई में एकजुट होना पड़ेगा।

जसबीर सिंह, सुखजीत सिंह और जतिंदर सिंह भट्ठी ने कहा कि कांग्रेस, भाजपा, अकाली दल बादल और आम आदमी पार्टी पंजाब को बर्बाद करने में बराबर की दोषी पार्टियां हैं। इस मौके पर गांव के 70 परिवार अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' में शामिल हुए। साथ ही गांव की 35 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में हरपाल सिंह, जगदीप सिंह, मनराज सिंह, तेजपाल सिंह, सलविंदर सिंह, बिक्रमजीत सिंह, गुरमेल सिंह, बीबी नवजीत कौर, बीबी सुखविंदर कौर, बीबी अमनदीप कौर, बीबी हरप्रीत कौर, बीबी बलविंदर कौर, बीबी लखबीर कौर, बीबी गुरविंदर कौर, बीबी परमजीत कौर, बीबी नरेंद्र कौर, बीबी सुरजीत कौर आदि को शामिल किया गया। अंत में मेहताब सिंह और हरपाल सिंह तलवंडी झुंगला ने पहुंचे हुए पदाधिकारियों और नगर निवासियों का धन्यवाद किया।

जेई को जबरन रिलीव करने के विरोध में टेक्निकल सर्विसेज यूनियन की लगातार दूसरे दिन रोष रैली

- यूनियन ने कार्रवाई रोकने की मांग की, मांग पूरी न होने पर संघर्ष तेज करने की चेतावनी

डेली आवाज भारती



कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): सब-डिवीजन कुराली के एस.डी.ओ. के विरोध में टेक्निकल सर्विसेज यूनियन की ओर से लगातार दूसरे दिन रोष रैली की गई। यह रैली सब-डिवीजन कुराली के प्रधान सुखवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान यूनियन नेताओं ने दुपिंदर सिंह जेई-2 को कथित तौर पर जबरन रिलीव किए जाने की कार्रवाई का विरोध करते हुए इसे रोकने की मांग की। रोष रैली को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि दुपिंदर सिंह जेई-2 को सब-डिवीजन कुराली से रिलीव किया जा रहा है। यूनियन नेताओं के अनुसार सब-डिवीजन कुराली में लाखों रुपये का सामान निकलवाया गया है, लेकिन इस सामान की जिम्मेदारी लेने के लिए कोई भी तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में यदि दुपिंदर सिंह जेई-2 को जबरन रिलीव किया गया तो यूनियन की ओर से इसका विरोध किया जाएगा। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दुपिंदर सिंह जेई-2 को जबरन रिलीव करने की कार्रवाई नहीं रोकी गई तो संगठन लगातार रोष रैलियां करने के लिए मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि इससे पैदा होने वाली स्थिति की जिम्मेदारी संबंधित उपमंडल अधिकारी तथा अतिरिक्त निगरान इंजीनियर, संचालन मंडल कुराली की होगी।इस अवसर पर रोष रैली को जोन सचिव मोहाली टी.एस.यू. निर्मल सिंह, बलविंदर सिंह, कुराली पेंशनर एसोसिएशन के रणजोध सिंह, सर्कल उपप्रधान रोपड़ डिवीजन प्रधान सुरिंदर कुमार, उपप्रधान सुखविंदर सिंह कुराली सहित अवतार सिंह, कुलविंदर सिंह, जसवंत सिंह और प्रेम सिंह आदि ने संबोधित किया। यूनियन नेताओं ने कहा कि संगठन अपने सदस्यों के हितों तथा विभाग से जुड़े मामलों को लेकर अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा। उन्होंने मांग की कि दुपिंदर सिंह जेई-2 को रिलीव करने की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए तथा सब-डिवीजन कुराली में लाखों रुपये के सामान से जुड़े मामले की जांच करवाकर जिम्मेदारी तय की जाए।

पंजाब सरकार की ओर से श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री खरड़ के गांव बदरपुर और कालेवाल में दिखाई गई

- डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने संगतों को गुरु जी की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का दिया संदेश

डेली आवाज भारती



खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): पंजाब सरकार की ओर से श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष पहल के तहत खरड़ ब्लॉक के गांव बदरपुर और कालेवाल में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से 30 मिनट की विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। इस डॉक्यूमेंट्री का मुख्य उद्देश्य श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन, उनकी शिक्षाओं, विचारधारा तथा सामाजिक समानता के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। इस संबंध में डिप्टी कमिश्नर श्रीमती कोमल मित्तल ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज ने अपनी वाणी और विचारों के माध्यम से संपूर्ण मानवता को समानता, आपसी भाईचारे, प्रेम, सद्भावना और मानव सेवा का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और हमें ऐसे समाज के निर्माण की दिशा दिखाती हैं, जहां प्रत्येक व्यक्ति को समान सम्मान और अधिकार प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित यह विशेष डॉक्यूमेंट्री तैयार करवाना एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इसके माध्यम से गांवों और शहरों में रहने वाले लोगों को गुरु जी के जीवन, दर्शन और उनकी महान विचारधारा से परिचित करवाया जा रहा है। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाई जा रही इस डॉक्यूमेंट्री के जरिए लोगों को गुरु जी के संदेश को समझने और उसे अपने जीवन में अपनाने का अवसर मिल रहा है। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज की विचारधारा समाज में जात-पात, भेदभाव और ऊंच-नीच जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर करने की प्रेरणा देती है।

मोहाली में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट का पर्दाफाश

- थाना खरड़ पुलिस ने एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश कर बड़ी सफलता हासिल की
- पुलिस को अंदेशा है ये गिरोह लंबे समय से सट्टेबाजी का बड़ा नेटवर्क चला रहा था
- बरामद चीजों में भारी मात्रा में इलेक्ट्रानिक उपकरण, हथियार और महंगी गाड़ियां

24 मोबाइल, 4 लैपटॉप, एक लाख से ज्यादा नगदी, फॉच्यूनर बरामद

डेली आवाज भारती



मोहाली। अमन ग्रीन सिटी में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए थाना खरड़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। सिटी पुलिस ने मौके से 5 सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, सिम कार्ड, बैंकिंग दस्तावेज, नकदी, शराब, लाइसेंसी हथियार और एक फॉर्च्यूनर कार बरामद की गई है। पुलिस को अंदेशा है कि यह गिरोह लंबे समय से सट्टेबाजी का बड़ा नेटवर्क चला रहा था। छापेमारी के दौरान बरामद की गई चीजों में भारी मात्रा में इलेक्ट्रानिक उपकरण, हथियार और महंगी गाड़ियां हैं। 24 मोबाइल, 4 लैपटॉप, एक लाख से ज्यादा नगदी, फॉच्यूनर बरामद की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 30 सितंबर को एसआई राजिंदर सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ सेक्टर-125 क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूत्रों से सूचना मिली कि अमन ग्रीन सिटी के फ्लैट नंबर 52 में कुछ लोग अवैध रूप से क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगवा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित फ्लैट पर छापेमारी की और मौके से 5 लोगों को दबोच लिया।

पुलिस रिमांड में होंगे कई अहम खुलासे

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजेश कुमार, योगेश कुमार, एआईए कुमार, विकास भट्ठी और नरंजन के रूप में हुई है। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ थाना सिटी खरड़ में मामला (केस नंबर 326) दर्ज कर लिया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इनके सट्टेबाजी नेटवर्क के तार और किन-किन शहरों या राज्यों से जुड़े हैं तथा इस गिरोह में कौन-कौन से मुख्य सरगना शामिल हैं।

जिला फिरोजपुर में 72.71 ग्राम हैरोइन एवं नशे के सामान के साथ 16 लोग गिरफ्तार

पुलिस ने गिरफ्तार लोगों पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला पुलिस ने एसएसपी भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई करने को चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलो में कार्रवाई करते हुए 16 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 72.71 ग्राम हैरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है।

उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर थाना सदर, सिटी एवं छावनी फिरोजपुर, थाना ममदोट, थाना आररफके, थाना कुलगड़ी, थाना घल्लखुर्द, थाना तलवंडी भाई और थाना मल्लांवाला में एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सिटी फिोरजपुर की एएसआई गुरकंवलजीत कौर ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर सोनू पुत्र सुखदेव सिंह वासी महालम, जरनैल सिंह उर्फ गोरा पुत्र चन्न सिंह वासी जनता प्रीत नगर फिरोजपुर शहर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 6 ग्राम हेरोइन, थाना छावनी फिरोजपुर की एस.आई जसप्रीत कौर ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर जतिन्द्र सिंह पुत्र राजिन्द्र सिंह वासी गांव सोढे वाला व धरविन्द्र सिंह पुत्र हीरा सिंह वासी बाजार नंबर 1 अहाता नंबर 66 बी फिरोजपुर छावनी को गिरफअतार करके उनके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन, थाना सदर फिरोजपुर के एस.आई विनोद कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर लवली पुत्र अमरीक वासी गांव शाहदीन वाला व मोहित पुत्र बलवंत वासी हाके वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन, थाना आरफके के एएसआई जगतार सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दौलतपुरा के शमशानगाट से सोनू पुत्र मन्द्रि सिंह वासी गांव बुटे वाला व महिन्द्र उर्फ तरसेम पुत्र कश्मीर सिंह वासी गांव बजीदपुर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1.37 ग्राम हेरोइन, 1 पत्नी सिल्वर पत्नी व 10 रुपए का नोट, थाना ममदोट के एएसआई सुखजिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर बलजिन्द्र सिंह पुत्र बलजीत सिंह व हरमनबीर सिंह पुत्र सतनाम सिंह वासी गांव सतीऐवाला वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 लाइटर, 1 सिल्वर पत्नी हेरोइन लगी, 10 रुपए का नोट, थाना कुलगड़ी के एएसआई जसविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर अंग्रेज सिंह पुत्र पिपल सिंह वासी गांव चांदी वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 50 ग्राम हेरोइन, थाना घल्लखुर्द के एएसआई रणजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर गुरचरन सिंह उर्फ राजू पुत्र महिन्द्र सिंह वासी गांव फिरोजशाह व हरदीप सिंह पुत्र प्रीतम सिंह वासी गांव फिरोजशाह को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 4.14 ग्राम हेरोइन, थाना तलवंडी भाई के एएसआई सुदेश कुमार ने बताया कि उन्होंने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर गुरप्रेम सिंह पुत्र गुरतेज सिंह वासी गांव कोट करोड़ कलां व प्रदीप सिंह पुत्र प्रकाश सिंह वासी वार्ड नंबर 1 ढिल्लों बस्ती तलवंडी भाई को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 5.20 ग्राम हेरोइन एवं थाना मल्लांवाला के एएसआई गुरदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी के नजदीक से सुमीत पुत्र मुकदर वासी टैंकी वाला मुहल्ला मल्लांवाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार लोगों पर मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने मेहता मंडी में धान की सरकारी खरीद शुरू करवाई

डेली आवाज भारती



अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज दाना मंडी मेहता पहुंचकर धान की सरकारी खरीद की शुरुआत करवाई। इस अवसर पर उनके साथ मार्केट कमेटी मेहता के चेयरमैन स. लखविंदर सिंह उस्मां, मेहता मंडी के प्रधान स. सुखदेव सिंह के अलावा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा विभिन्न खरीद एजेंसियों के अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा धान की निर्बाध खरीद के लिए राज्य की मंडियों में पर्याप्त एवं पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों की फसल का एक-एक दाना सरकारी भाव पर खरीदा जाएगा तथा किसानों को फसल की अदायगी समय पर और निर्बाध रूप से सुनिश्चित की जाएगी। लोक निर्माण मंत्री ने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में धान की खरीद, तुलाई और लिफ्टिंग की प्रक्रिया को तेजी एवं सुचारू ढंग से पूरा किया जाए, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचते समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों की सुविधा और उनके हितों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने आगे बताया कि मंडियों में फसल की अनलोडिंग और पैकिंग का कार्य करने वाले मजदूरों के लिए स्वच्छ पेयजल तथा आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं के भी उचित प्रबंध किए गए हैं। इसके अलावा मंडियों में किसानों के लिए भी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा धान की खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए संबंधित विभागों और खरीद एजेंसियों के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है।

लंबे इंतजार के बाद वार्ड नंबर 14 की गली की मरम्मत शुरू, गुरप्रीत सिंह शाना व रोहित सहदेव के प्रयास रंग लाए

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): वार्ड नंबर 14 के दारा सलाम, प्रेम नगर क्षेत्र के निवासियों को उस समय बड़ी राहत मिली, जब न्यू डी-लैक्स स्वीट्स शॉप वाली गली की लंबे समय से लंबित मरम्मत का काम आज शुरू कर दिया गया। गली की खस्ताहाल स्थिति के कारण क्षेत्रवासियों को रोजाना आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। गली की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मौजूदा कांग्रेस पार्षद के पति एवं पूर्व पार्षद गुरप्रीत सिंह शाना तथा आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता रोहित सहदेव ने संबंधित स्तर पर प्रयास करते हुए मरम्मत का काम शुरू करवाने में अहम भूमिका निभाई। उनके प्रयासों के चलते आज गली की मरम्मत का कार्य धरातल पर शुरू हो गया, जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर देखने को मिली। इस अवसर पर गली निवासियों ने कहा कि लंबे समय से गली की हालत खराब होने के कारण राहगीरों और स्थानीय लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। विशेष रूप से बारिश के दिनों में समस्या और भी गंभीर हो जाती थी। अब मरम्मत का कार्य शुरू होने से लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है। क्षेत्रवासियों ने गुरप्रीत सिंह शाना और रोहित सहदेव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों ने लोगों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उसे संबंधित स्तर पर उठाया और काम शुरू करवाने के लिए प्रयास किए। उन्होंने उम्मीद जताई कि गली की मरम्मत का कार्य जल्द और निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार पूरा किया जाएगा, ताकि क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही परेशानी से स्थायी राहत मिल सके।

घर के बाहर खड़ा मोटरसाईकिल अज्ञात व्यक्ति चोरी कर फरार

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना ममदोट की पुलिस ने बीते दिन गांव गामे वाला में घर के बाहर खड़ा मोटरसाईकिल चोरी करके ले जाने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना ममदोट के एएसआई सुखजिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता गुरप्रीत कौर पत्नी सुरजीत सिंह वासी गांव गामे वाला ने बताया कि उसका मोटरसाईकिल शाम 5.30 पर बीते दिन घर के बाहर खड़ा था, लेकिन जब उसने कुछ समय बाद घर के बाहर जाकर देखा तो मोटरसाईकिल नंबर पीबी-05एयू-7934 वहां से गायब था, जोकि कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था। मामलें की जांच कर रहे सुखजिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

चौधरी श्याम लाल गुर्जर को अखिल भारतीय गुर्जर महासभा पंजाब इकाई में वरिष्ठ समन्वयक की जिम्मेदारी

डेली आवाज भारती



खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): अखिल भारतीय गुर्जर महासभा, पंजाब इकाई की ओर से संगठन को और मजबूत करने तथा समाज के लोगों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करने के उद्देश्य से खरड़ विधानसभा क्षेत्र निवासी एवं समाजसेवी चौधरी श्याम लाल गुर्जर को पंजाब इकाई में वरिष्ठ समन्वयक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति पर गुर्जर समाज तथा महासभा से जुड़े पदाधिकारियों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

जारी प्रेस नोट के अनुसार चौधरी श्याम लाल गुर्जर लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों से जुड़े हुए हैं और समाज के विभिन्न वर्गों के साथ उनका व्यापक संपर्क है। उनके सामाजिक अनुभव, लोगों के साथ बेहतर तालमेल बनाने की क्षमता तथा समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए महासभा की ओर से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वरिष्ठ समन्वयक के रूप में वह पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में समाज के लोगों के साथ संपर्क बढ़ाने, संगठन की गतिविधियों को मजबूत करने तथा समाज से जुड़े मुद्दों को उचित स्तर पर उठाने के लिए कार्य करेंगे। महासभा की ओर से कहा गया कि आने वाले समय में पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों को और सक्रिय किया जाएगा तथा समाज के लोगों के साथ लगातार संपर्क एवं तालमेल बनाए रखा जाएगा। आगामी विधानसभा चुनावों के संदर्भ में भी सामाजिक एवं राजनीतिक मामलों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। समाज की राजनीतिक भागीदारी, प्रतिनिधित्व और सम्मान से जुड़े मुद्दों को लोकतांत्रिक तरीके से सामने रखने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। महासभा के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि चौधरी श्याम लाल गुर्जर के अनुभव और पंजाब इकाई की पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों से संगठन को और मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि समाज की एकता, आपसी तालमेल तथा समाज से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए सभी को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। चौधरी श्याम लाल गुर्जर को नियुक्ति पत्र अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बच्चू सिंह बैंसला द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश मील उर्फ पम्मी सरपंच पंडोरी तथा पंजाब के प्रधान श्री कमल चौहान गुर्जर भी मौजूद रहे। इस दौरान महासभा से जुड़े अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी चौधरी श्याम लाल गुर्जर को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की

page 4_Layout 1 01-10-2026 17:59 Page 1

पैरा मेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने की बैठक

निर्देशक कार्यालय की कार्यवाही को नकारा, 19 अक्तूबर को धरने की घोषणा

डेली आवाज भारती



पैरा मेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों बैठक में जानकार देते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पैरा मेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी संघर्ष समिति की आज एक ऑनलाइन बैठक कोऑर्डिनेटर गुलजार खान और नरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में हुई, जबकि बीती 26 सितंबर को संगठन द्वारा ईसड्डू भवन लुधियाना में भी बैठक की गई, जिसमें पंजाब भर से आए नेताओं ने हिस्सा लिया। इन बैठकों के दौरान कर्मचारियों की हकी मांगों पर विचार-विमर्श करते हुए चिंता जताई गई कि पिछले लंबे समय से पैरामेडिकल स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की हकी मांगें लटकती आ रही हैं और इन मांगों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य निर्देशक और पंजाब सरकार गंभीर नहीं है। पिछले दिनों संगठन के नेताओं द्वारा चंडीगढ़ में दोनों स्वास्थ्य निर्देशकों के साथ बैठक की गई, जिसमें कुछ मांगों पर सहमति बनी थी कि यह मांगें जल्दी ही पूरी कर दी जाएंगी, लेकिन उसके बाद संगठन को निर्दशक कार्यालय द्वारा जो कार्यवाही जारी की गई उसमें मानी गई मांगों के संबंध में कार्रवाई अमल में लाकर उन्हें पूरा करने का कोई जिक्र नहीं किया गया, बल्कि निर्देशक कार्यालय द्वारा कार्यवाही में सभी मांगों के जवाब टाल-मटोल वाली नीति से देते हुए संगठन को गुमराह करने की कोशिश की गई। गौरतलब है कि संगठन के साथ बैठक के दौरान निर्देशक द्वारा संबंधित ब्रांचों के सुपरिंटेंडेंटों को बैठक में बिठाने की बजाय निम्न कर्मचारियों को बिठाया जाता है, जिनके द्वारा कर्मचारी मांगों को गुमराहकुन बातों के माध्यम से टालने की कोशिश की जाती है। संगठन के नेताओं ने निर्देशक कार्यालय द्वारा जारी की गई कार्यवाही को सिरे से नकारते हुए यह कहा कि स्वास्थ्य निर्देशक और स्वास्थ्य मंत्री कर्मचारियों की हकी मांगों को पूरा करने के लिए बिल्कुल भी गंभीर नहीं हैं, जिस कारण विभाग के समस्त कैडरों में भारी रोष पाया जा रहा है। संगठन के नेताओं द्वारा आगे जानकारी देते हुए यह कहा गया कि निर्देशक कार्यालय के इस नालायकी भरे रवैये को देखते हुए संगठन ने फैसला किया है कि आने वाली 19 अक्तूबर को निर्देशक कार्यालय चंडीगढ़ में समूह पैरा मेडिकल कार्यकर्ताओं द्वारा भारी संख्या में पहुंचकर धरना दिया जाएगा और वहां से स्वास्थ्य मंत्री की कोठी की ओर मार्च किया जाएगा। इस समय विरसा सिंह पन्नू, गगनदीप सिंह बठिंडा, गुरदेव सिंह अमृतसर, सुखविंदर सिंह दोदा, संदीप सिंह सिद्धू, मनजीत सिंह तरनतारन, रजवंत सिंह बागडि ा, सुनील तरगोत्रा, राजेंद्र बल्लूआना, गुरविंदर सिंह तरनतारन, गुरदेव सिंह बल्ल, जसविंदर सिंह कौड़ा, हरजीत सिंह पउविंड, गुरदेव सिंह बल्ल, गुरपाल सिंह लुधियाना, जस्मेल दिओल, नरेंद्र सिंह फिरोजपुर, गुरजिंदर आप ढिल्लों आउटसोर्स प्रधान, प्रीत मुखीजा, सुखपाल सिंह रोपड़, जसमेल जस्सी मोगा, हरमिंदर पाल फतेहगढ़ साहिब, सुरिंदर सोनी, नसीम अख्तरी, गुड्डी कौर, गुरदीप कौर, किरनजीत कौर, जसप्रीत कौर, रमनदीप कौर, कमल दीप कौर, गगनदीप कौर, कुलदीप कौर, पूनम, संतोष, इंद्रजीत कौर फिरोजपुर, किरनजीत, बलजीत कौर, गुरमीत कौर कस्सुआना आदि नेता साथी बैठक में उपस्थित थे।

शहीद भगत सिंह कालेज आफ नर्सिंग फिरोजपुर का बी.एससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर का परिणाम रहा शानदार

- कालेज के निर्देशक धर्मपाल बांसल ने छात्रा, उनके माता-पिता व स्टाफ को अच्छे परिणामों के लिए दी बधाई

डेली आवाज भारती



कालेज के प्रबंधक उच्च अंक हासिल करने वाले छात्रों का मुंह मिट्ठा करवाकर उन्हें बधाई देते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): शहीद भगत सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग फिरोजपुर के बी.एससी नर्सिंग (2025-29) प्रथम सेमेस्टर का परिणाम शानदार रहा। मालूम हो कि कॉलेज के विद्यार्थियों अपनी मेहनत, लगन और शिक्षकों के योग्य मार्ग दर्शन की बदौलत अच्छे अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन कर रहे है। इस शानदार परिणाम में पूरी कक्षा में से आधे से अधिक विद्यार्थियों ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल कर अपनी काबिलियत का प्रदर्शन किया। कालेज प्रबंधकों ने बताया कि परिणाम में प्रथम श्रेणी में 3 विद्यार्थी, द्वितीय श्रेणी में 9 विद्यार्थी और तृतीय श्रेणी में 11 विद्यार्थियों ने पोजीशन हासिल की। विद्यार्थियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से कॉलेज और अपने माता-पिता का मान बढ़ाया। इस अवसर पर धर्मपाल बांसल निर्देशक शहीद भगत सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग संस्थापक भक्ति भजन ग्रुप और हार्मनी आयुर्वेदिक कॉलेज द्वारा सफल विद्यार्थियों को बधाई दी गई और उनके सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता के पीछे उनकी लगातार मेहनत के साथ-साथ कॉलेज के अनुभवी शिक्षकों की मेहनत और सही मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग एक बहुत ही जिम्मेदारी वाला और सेवा-भावना से जुड़ा क्षेत्र है। विद्यार्थियों द्वारा पढ़ाई में की जा रही मेहनत उनके भविष्य में एक सफल और समर्पित नर्स बनने के लिए मजबूत नींव तैयार करती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया और कहा कि विद्यार्थियों की हर सफलता कॉलेज के लिए गर्व की बात है। इस बधाई के अवसर पर समूह कॉलेज स्टाफ प्रिंसिपल सुखदीप कौर, डा.संजीव मानकटला, शरणजीत कौर, सुखविंदर कौर, गुरदीप कौर, जगदेव सिंह, अमनदीप कौर, संगीता हांडा, गुरमीत कौर, अमनदीप कौर, खुशपाल कौर, गुरप्रीत कौर, रमनदीप कौर, सुखमनदीप कौर, गीतांजलि, अर्शदीप कौर, अमनदीप कौर, कोमलजीत कौर, अमनदीप कौर, बलविंदर कौर, कोमलप्रीत कौर, सुखवीर कौर, अमनदीप कौर, मनप्रीत कौर, आंचल आदि शामिल थे।

सेंट राउ दास गुरुकुल स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाई गई गांधी जयंती



गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): सेंट राउ दास गुरुकुल गोलूका स्कूल में प्रिंसिपल और मैनेजमेंट कमेटी की सदस्य श्रीमती प्रसन्नता रानी के नेतृत्व में महात्मा गांधी जी की जयंती बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गांधी जी की तस्वीर पर फूल अर्पित करके की गई और विद्यार्थियों ने गांधी जी के जीवन, सादगी, सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर भाषण दिए। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति के गीत और कविताऐं भी प्रस्तुत की गई। इस दौरान अध्यापकों ने विद्यार्थियों को गांधी जी के विचारों पर चलने और अपने आस-पास सफाई रखने के लिए प्रेरित किया।

स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ एवं ''एक दिन, एक घंटा, एक साथ'' के अंतर्गत संयुक्त श्रमदान दिवस आयोजित

डेली आवाज भारती



स्वच्छता पखवाड़े तहत फिरोजपुर मंडल में मनाए गए संयुक्त श्रमदान दिवस मनाते हुए अधिकारी व कर्मचारी।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल में 17 सितंबर से 2 अक्तूबर 2026 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है तथा स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ दिनांक 1 अक्टूबर 2026 से किया गया जो 31 अक्तूबर तक जारी रहेगा द्य इसी क्रम में, आज दिनांक 01 अक्टूबर 2026 को ''एक दिन, एक घंटा, एक साथ'' कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 8 बजे फिरोजपुर मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों, यार्ड, रेलवे कॉलोनियों, आरपीएफ बैरकों एवं रेलवे ट्रैक के आस-पास के स्थानों पर संयुक्त श्रमदान किया गया। अमृतसर,फिरोजपुर कैंट, लुधियाना, जलंधर सिटी, जलंधर कैंट, फगवाड़ा, फिल्लौर, ढंडारी कलां रेलवे स्टेशनों पर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में संयुक्त श्रमदान गतिविधियां आयोजित की गई। अभियान के दौरान स्टेशन परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। इस पहल में बड़ी संख्या में रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों, स्काउट-गाइड एवं विभिन्न गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही पोस्टर, बैनर, पैम्फलेट एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से रेलयात्रियों को मेरी सीट मेरा डिब्बा थीम के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के नेतृत्व में अमृतसर रेलवे स्टेशन एवं सर्कुलेटिंग एरिया में 100 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्काउट एवं गाइड ने संयुक्त श्रमदान में भाग लिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने आमजन से स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन के साथ-साथ सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। उन्होंने सभी से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने की अपील की।

जीरा एवं मक्खू पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर बरामद की 8.10 ग्राम हैरोइन

- गिरफ्तार लोगों पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी जीरा, सदर जीरा एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान बीते दिन विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8.10 ग्राम हैरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए अनुसार थाना जीरा सिटी के इंस्पैक्टर जसविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी जीरा के नदजीक से शक के अधार पर बलदेव सिंह उर्फ घदी पुत्र हरमेश सिंह वासी सनेर रोड समाधी मुहल्ला जीरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2.10 ग्राम हैरोइन और थाना सदर जीरा के एएसआई शमशेर सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव वरनाला के नजदीक से गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी पुत्र ठाकुर सिंह वासी गांव वरनाला जीरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। इसके साथ ही थाना मक्खू के एएसआई सुखदेव सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर लखविन्द्र सिंह उर्फ सैम पुत्र हरबंस सिंह वासी गांव फतेहगढ़ पंजतूर जिला मोगा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

जनरल कैटेगरी वेलफेयर फेडरेशन ने राणा सोढ़ी को सौंपा मांगपत्र

डेली आवाज भारती



जनरल कैटेगरी वेलफ़ेयर फेडरेशन के पदाधिकारी भाजपा नेता राणा गुरमीत सिंह सोढी को मांगपत्र सौंपते हुए।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): जनरल कैटेगरी वेलफेयर फेडरेशन पंजाब के अध्यक्ष सुखबीर सिंह के नेतृत्व में फेडरेशन की गुरुहरसहाय इकाई के नेताओं और सदस्यों ने पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री और भाजपा नेता राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी को जनरल कैटेगरी से संबंधित विभिन्न मांगों के संबंध में एक मांगपत्र सौंपा। इस अवसर पर फेडरेशन के पंजाब अध्यक्ष सुखबीर सिंह ने राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी को जनरल कैटेगरी से संबंधित मांगों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मांग की कि पंजाब में बने जनरल कैटेगरी वेलफेयर कमीशन के चेयरमैन की नियुक्ति की जाए। इसके साथ ही केंद्र स्तर पर भी जनरल कैटेगरी वेलफेयर कमीशन के गठन की मांग की गई। फेडरेशन नेताओं ने कहा कि जनरल कैटेगरी से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए सरकार द्वारा उचित कद्म उठाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने एस.सी/एस.टी एक्ट के दुरुपयोग संबंधी जनरल वर्ग में उत्पन्न हो रही चिंताओं को दूर करने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि यदि किसी मामले में कानून का दुरुपयोग होता है तो उसे रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए और निर्दोष व्यक्तियों के खिलाफ कानून का दुरुपयोग ना हो। फेडरेशन नेताओं ने केंद्र स्तर पर अलग जनरल वर्ग कल्याण विभाग स्थापित करने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि इस तरह के विभाग के माध्यम से जनरल कैटेगरी के जरूरतमंद छात्रों और अन्य जरूरतमंद लोगों को विभिन्न सुविधाएं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। फेडरेशन नेताओं ने कहा कि वह अपनी मांगों के संबंध में भाजपा की वरिष्ठ नेतृत्व तक भी आवाज पहुंचाएंगे। उन्होंने राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी से अपील की कि वह फेडरेशन की मांगों को संबंधित सरकार और पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के ध्यान में लाएं, तांकि जनरल कैटेगरी से संबंधित मुद्दों का उचित समाधान किया जा सके। इस अवसर पर गुरुहरसहाय इकाई के अध्यक्ष कोमल शर्मा, समाज सेवा सोसायटी के अध्यक्ष मदन मोहन कंधारी, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष बूड़ चंद बिंद्रा, मनोज छाबड़ा, मुकेश मैनी, संदीप शर्मा, गुरविंदर सिंह, गुरनब सिंह बराड़, वरिंदर सिंह संधू, अमरजीत सिंह गंदारा, उडीक चंद बिंद्रा सहित अन्य नेता और सदस्य उपस्थित थे।

गांव मल्कपुर में लगाया गया टीबी जांच शिविर

बूथगढ़ के सरकारी अस्पताल में टीबी का मुफ्त इलाज उपलब्ध : एसएमओ

डेली आवाज भारती



बूथगढ़, (संदीप अकालगढ़िया): टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बूथगढ़ के अधीन आने वाले गांवों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से रोजाना जांच एवं जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत आज गांव मल्कपुर टप्परियां में टीबी जांच एवं जागरूकता शिविर लगाया गया, जिसमें लोगों की जांच करने के साथ-साथ उन्हें बीमारी के लक्षणों और बचाव के प्रति जागरूक किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसएमओ डॉ. अलकजोत कौर ने बताया कि देश से टीबी के पूर्ण उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को टीबी के लक्षणों, जांच और उपचार संबंधी जानकारी भी दे रही हैं। उन्होंने बताया कि जांच शिविरों में संदिग्ध मरीजों की मौके पर ही एक्स-रे जांच की जाती है। जांच में टीबी की पुष्टि होने के बाद मरीज का तुरंत पंजीकरण किया जाता है और विशेषज्ञ डॉक्टर की देखरेख में उसका उपचार शुरू किया जाता है। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य टीबी के मरीजों की शुरुआती स्तर पर पहचान करके समय पर उपचार शुरू करना है, ताकि बीमारी को फैलने से रोका जा सके। एसएमओ डॉ. अलकजोत कौर ने कहा कि टीबी का पक्का इलाज उपलब्ध है और इस बीमारी से घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक रहने वाली खांसी, भूख कम लगना और वजन कम होना टीबी के संभावित लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर लोगों को तुरंत नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच करवानी चाहिए। उन्होंने बताया कि बूथगढ़ के सरकारी अस्पताल सहित सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में डॉट्स प्रणाली के माध्यम से टीबी का इलाज बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध करवाया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि टीबी के लक्षणों को नजरअंदाज न करें और समय पर जांच करवाकर बीमारी की पुष्टि होने पर पूरा उपचार लें। उन्होंने कहा कि टीबी की समय पर पहचान और नियमित उपचार से इस बीमारी पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण पाया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांवों में लगाए जा रहे जांच एवं जागरूकता शिविरों का उद्देश्य लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।

पौधों की अनदेखी की प्रवृत्ति 'प्लांट ब्लाइंडनेस' को दूर करने के लिए गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में विशेषज्ञों के व्याख्यान

- वनस्पति विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि से जुड़े अहम विषयों पर हुई विचार-चर्चा

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी : गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के बॉटनिकल एंड एनवायरनमेंटल साइंसेज विभाग द्वारा गोल्डन जुबली सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड इनोवेशन के सहयोग तथा रूसा 2.0 की सहायता से 'एडवांसेज इन बॉटनिकल साइंसेज' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यानों की श्रृंखला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. नितिका कपूर तथा सह-समन्वयक डॉ. मयंक धर द्विवेदी थे। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रो. सतविंदरजीत कौर ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और विभाग द्वारा हाल ही में शोध के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। व्याख्यानों के सत्रों का संचालन करते हुए डॉ. नितिका कपूर ने कार्यक्रम के मुख्य विषय के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पौधों का तनाव शरीर-विज्ञान, विकासवादी जीव विज्ञान और पादप वर्गीकरण पर्यावरण संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल से प्रो. विनिता गौड़ा ने मुख्य व्याख्यान दिया। उनके व्याख्यान का विषय 'बिइंग ए बॉटनिस्ट एंड सॉल्विंग प्लांट मिस्ट्रीजङ्क्यू इनसाइट्स फॉम ए फ्यू इंडियन प्लांट्स' था। प्रो. गौड़ा ने 'प्लांट ब्लाइंडनेस' की अवधारणा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आमतौर पर लोग जानवरों की तुलना में पौधों पर कम ध्यान देते हैं या पौधों के महत्व को केवल मानवीय जरूरतों की पूर्ति से जोड़कर देखते हैं। उन्होंने शोधकर्ताओं को पौधों की विविधता को सही पहचान और विकासवादी अध्ययनों के माध्यम से अधिक उजागर करने के लिए प्रेरित किया। भारतीय वनस्पतियों पर अपने शोध कार्य का उल्लेख करते हुए प्रो. गौड़ा ने बताया कि पौधों की संरचना परागण की प्रक्रिया और उनके विकासवादी अस्तित्व को सीधे तौर पर प्रभावित करती है। व्याख्यानों के बाद प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों ने विशेषज्ञों के साथ पौधों के जीनोम, पर्यावरण विज्ञान तथा संरक्षण के क्षेत्र में उभरते रुझानों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम के अंत में सह-समन्वयक डॉ. मयंक धर द्विवेदी ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

गांधी जयंती पर जे.के.एस पब्लिक स्कूल में रैली, क्विज और स्वच्छता अभियान आयोजित

डेली आवाज भारती



गांधी जयंती पर जे.के.एस पब्लिक स्कूल में आयोजित गतिविधियों में हिस्सा लेते हुए छात्र व प्रबंधक।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): जे.के.एस पब्लिक स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों में देशभक्ति, स्वच्छता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक रैली निकाली, जिसमें गांधी जी के विचारों और उनके स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े अभियानों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए महात्मा गांधी एवं उनके स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े अभियानों पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपनी जानकारी और उत्साह का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने कविता प्रस्तुत की तथा एक प्रभावशाली लघु नाटिका (स्किट) के माध्यम से गांधी जी के जीवन, विचारों और देश के प्रति उनके योगदान को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण स्वच्छता अभियान रहा। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विद्यालय के गार्डन, स्कूल परिसर और कक्षाओं में सफाई अभियान चलाया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता बनाए रखने, अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने तथा स्वच्छ भारत के संदेश को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इन सभी गतिविधियों का आयोजन अध्यापिका कुलविंदर कौर और रितु रहेजा के मार्गदर्शन में किया गया।

फिरोजपुर कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलजीत कौर बांगड़ ने खैहरा के उठाए सवालों को जायज ठहराया

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): भूलथ से मौजूदा विधायक और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुखपाल सिंह खैहरा द्वारा सरकारी आवासों के उपयोग को लेकर उठाए गए सवाल बिल्कुल जायज हैं। यह विचार पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए कांग्रेस पार्टी हलका देहाती फिरोजपुर की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती बलजीत कौर बांगड़ ने कहा कि एक चुने हुए विधायक के तौर पर सरकारी संपत्ति, सरकारी सुविधाओं और उनके उपयोग के बारे में सवाल पूछना उनका हक भी है और जनता के प्रति जवाबदेही का हिस्सा भी है। उन्होंने कहा कि खैहरा ने जो मुद्दा उठाया, वह किसी निजी मामले तक सीमित नहीं था, बल्कि पंजाब सरकार के सरकारी आवास किसे आवंटित हैं और उनका उपयोग किन नियमों के तहत हो रहा है, इस बारे में था। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों में भी खैहरा द्वारा सरकारी मकानों में आप से जुड़े लोगों के निवास के बारे में सवाल उठाने का जिक्र है। श्रीमती बांगड़ ने कहा कि खैहरा द्वारा उठाए गए सवालों में कोई गलत बात नहीं थी, यदि किसी को उनके सवालों पर आपत्ति है तो उसका जवाब सरकारी दस्तावेजों, आवंटन के आदेशों और नियमों के हवाले से दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि खैहरा एक मौजूदा विधायक और लंबे समय से पंजाब की राजनीति में सक्रिय वरिष्ठ नेता हैं। उनके द्वारा सरकारी संपत्ति और सरकारी सुविधाओं के बारे में सवाल पूछना लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका का हिस्सा है। श्रीमती बांगड़ ने विशेष तौर पर गायत्री बिश्नोई द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर आपत्ति जताते हुए कहा कि एक मौजूदा विधायक और वरिष्ठ राजनीतिक नेता को शर्मनाक और घटिया इंसान जैसे निजी शब्दों से संबोधित करना किसी भी तरह से राजनीतिक मर्यादा के अनुकूल नहीं है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक बिश्नोई ने खैहरा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और जेल भेजने की बात भी कही थी। उन्होंने कहा कि खैहरा ने जो सवाल उठाए हैं, वह जनता के पैसे से चल रही सरकारी व्यवस्था से जुड़े सवाल हैं। उनका जवाब देने की बजाय खैहरा साहब को निजी तौर पर अपमानित करना और धमकियां देना मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश है। बलजीत कौर बांगड़ ने कहा कि गायत्री बिश्नोई अपने बचाव में अपना पक्ष रख सकती हैं, लेकिन इससे श्री खैहरा द्वारा उठाए गए सरकारी आवास का मुद्दा खत्म नहीं हो जाता। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि सरकारी आवास किसके नाम पर आवंटित था।

- कहा सरकारी संपत्ति के बारे में सवाल पूछना कोई गुनाह नहीं, गायत्री बिश्नोई सवालों के जवाब तथ्यो सहित दें

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग व ऑनलाइन कोर्सों में दाखिले की अंतिम तिथि 13 अक्तूबर तक बढ़ी

अमृतसर, के.एस. बेदी : गुरु नानक देव विश्वविद्यालय ने डायरेक्टोरेट ऑफ ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग एंड ऑनलाइन स्टडीज के अधीन चल रहे ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ह्वष्टरु) और ऑनलाइन कार्यक्रमों के मौजूदा दाखिला सत्र के लिए अंतिम तिथि 13 अक्तूबर 2026 तक बढ़ा दी है। यह फैसला यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन-डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो (UGC-DEB) की हिदायतों के अनुसार लिया गया है। उप-कुलपति प्रो. करमजीत सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने पिछले अकादमिक सत्रों के दौरान अपने अकादमिक कार्यक्रमों का विस्तार करते हुए कौशल-आधारित और उद्योग-केंद्रित शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है। विभिन्न विश्वविद्यालय विभागों के सहयोग से डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और पेशेवर क्षमताएं प्रदान की जा सकें।

CMYK

page 5_Layout 1 01-10-2026 18:17 Page 1

क्वांटम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय की बड़ी छलांग, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने किया आईक्वांट प्रयोगशाला का उद्घाटन

प्रो. करमजीत सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के तहत मिली महत्वपूर्ण उपलब्धि

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी : क्वांटम प्रौद्योगिकी अब केवल विज्ञान की किताबों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इसे प्रयोगशाला में समझने और व्यवहार में लाने का अवसर प्राप्त करेंगे। उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के तहत आईक्वांट प्रयोगशाला स्थापित की है। इस प्रयोगशाला का वर्चुअल उद्घाटन केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा किया गया। नई दिल्ली में राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के 'प्रगति क्यू-फाउंड्री' के उद्घाटन सत्र के दौरान देश के विभिन्न संस्थानों में स्थापित की जा रही 23 क्वांटम प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किया गया। इनमें गुरु नानक देव विश्वविद्यालय की आईक्वांट प्रयोगशाला भी शामिल है। प्रो. करमजीत सिंह के नेतृत्व में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय द्वारा आधुनिक शिक्षा, अनुसंधान और विद्यार्थियों को नई प्रौद्योगिकी से जोड़ने पर लगातार जोर दिया जा रहा है। आईक्वांट प्रयोगशाला इसी सोच को आगे बढ़ाने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे विद्यार्थियों को क्वांटम प्रौद्योगिकी को केवल पढ़ने के बजाय प्रयोगों और परियोजनाओं के माध्यम से स्वयं समझने का अवसर मिलेगा। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के तहत आईआईटी दिल्ली में स्थापित क्वांटम मैटेरियल्स एंड डिवाइसेज थीमैटिक हब से जुड़ी देश की छह संस्थाओं में से एक है। इससे विश्वविद्यालय को देश में क्वांटम प्रौद्योगिकी की शिक्षा, अनुसंधान और विद्यार्थियों की क्षमता निर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर मिला है। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के सचिव प्रो. उमेश वी. वाघमारे, राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के एम.जी.बी. चेयरपर्सन डॉ. अजय चौधरी, भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद और नीति आयोग के सदस्य (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) प्रो. अभय करंदीकर सहित अकादमिक, सरकारी और औद्योगिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय की ओर से उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह, डीन अकादमिक मामले प्रो. हरविंदर सिंह सैनी, रजिस्ट्रार प्रो. के.एस. चहल, निदेशक अनुसंधान प्रो. वंदना भल्ला, डीन फैकल्टी ऑफ साइंसेज प्रो. अतुल खन्ना और भौतिकी विभाग के प्रमुख प्रो. अमन महाजन सहित अध्यापकों और विद्यार्थियों ने समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि आईक्वांट प्रयोगशाला से विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और अनुसंधान बुनियादी ढांचे को और मजबूती मिलेगी तथा क्वांटम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक मजबूत क्षेत्रीय वातावरण तैयार करने में मदद मिलेगी। यह पहल पंजाब में उन्नत प्रौद्योगिकियों से संबंधित कुशल मानव संसाधन तैयार करने में भी योगदान देगी। आईक्वांट प्रयोगशाला में क्वांटम कंप्यूटिंग, क्वांटम कम्युनिकेशन, क्वांटम मैटेरियल्स और क्वांटम सेंसिंग–चार प्रमुख क्षेत्रों पर कार्य किया जाएगा। सरल शब्दों में कहें तो विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर मिलेगा कि क्वांटम प्रौद्योगिकी कंप्यूटिंग, संचार, नई सामग्रियों और सेंसिंग जैसे क्षेत्रों में भविष्य को किस प्रकार बदल सकती है।

घड़ूआं में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत कार्ड वितरण समारोह आयोजित

विधायक डॉ. चरणजीत सिंह ने लोगों को सौंपे कार्ड

डेली आवाज भारती



खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): पंजाब सरकार के दिशा-निर्देशों और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह के नेतृत्व में प्रदेश के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीत मोहन सिंह खुराना के मार्गदर्शन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घड़ूआं में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना कार्ड वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में चमकौर साहिब विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. चरणजीत सिंह और पंजाब एस.सी. आयोग के पूर्व चेयरमैन श्री जसवीर सिंह गढ़ी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा योजना के लाभार्थियों को अपने हाथों से स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर विधायक डॉ. चरणजीत सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और यह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीत मोहन सिंह खुराना ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवार बिना किसी आर्थिक बोझ के बेहतर अस्पतालों में अपना उपचार करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग हर नागरिक तक इस सुविधा को पहुंचाने के लिए पूरी तरह तत्पर है। इस अवसर पर डॉ. परमिंदर सिंह, डॉ. मुनीश, डॉ. सरोज, डॉ. हरदीप, ऑप्थैल्मिक ऑफिसर सुखमनी, ब्लॉक एक्सटेंशन एजुकेटर साहिल सुखेरा, हेल्थ सुपरवाइजर दविंदर सिंह, हेल्थ वर्कर मनप्रीत सिंह सहित समूचा मेडिकल एवं पैरामेडिकल स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहा।

खरीफ सीजन की सुचारू खरीद के लिए धूरी की नई अनाज मंडी में धार्मिक समागम

डेली आवाज भारती

किसानों एवं समूचे क्षेत्र की खुशहाली के लिए की गई अरदास

धूरी। खरीफ सीजन की आमद तथा नई अनाज मंडी धूरी की चढ़दी कला को ध्यान में रखते हुए आढ़ती एसोसिएशन धूरी द्वारा नई अनाज मंडी में धार्मिक समागम करवाया गया। इस दौरान श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ के भोग डाले गए तथा किसानों, मजदूरों, आढ़तियों और समूचे क्षेत्र की खुशहाली एवं सुख-शांति के लिए अरदास की गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने नतमस्तक होते हुए सर्वत्र भलाई के लिए अरदास की। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन किसानों तथा कृषि से जुड़े प्रत्येक वर्ग के लिए महत्वपूर्ण होता है और पंजाब सरकार द्वारा सीजन के दौरान किसानों को सुचारू मंडीकरण सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों, आढ़तियों, मजदूरों तथा मंडी से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी वर्गों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मंडियों में फसल की आमद, खरीद, लिफ्टिंग तथा अन्य मंडीकरण प्रक्रिया को सुचारू ढंग से पूरा करने के लिए संबंधित विभागों द्वारा आपसी तालमेल से कार्य किया जा रहा है।

ओ.एस.डी. ने कहा कि धूरी की नई अनाज मंडी क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। इसलिए मंडी में आने वाले किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना तथा मंडीकरण प्रक्रिया को प्रभावी बनाना सभी संबंधित पक्षों की सांझी जिम्मेदारी है। उन्होंने समस्त आढ़तियों, किसानों और मंडी से जुड़े वर्गों से शुरू हुए सीजन के दौरान आपसी सहयोग एवं तालमेल के साथ कार्य करने की अपील की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि गुरु साहिब की कृपा और सभी संबंधित पक्षों के सहयोग से खरीफ सीजन सुचारू ढंग से संपन्न होगा तथा किसानों को अपनी फसल की बिक्री संबंधी किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर मार्केट कमेटी धूरी के चेयरमैन राजवंत सिंह घुल्ली, जिला परिषद के चेयरमैन रछपाल सिंह भुल्लर, गगन ज्वंधा, आढ़ती एसोसिएशन धूरी के प्रधान जतिंदर सिंह सोनी मंडेर, एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा बड़ी संख्या में आढ़ती और क्षेत्रवासी उपस्थित थे। समागम के अंत में मंडी की चढ़दी कला, किसानों की खुशहाली, खरीफ सीजन की सफलता तथा समूचे क्षेत्र की सुख-शांति के लिए अरदास की गई।

कुराली की नई अनाज मंडी को जाने वाली सड़क बद से बदतर, तुरंत मरम्मत करवाने की मांग : कंग

किसान, आढ़ती और इलाका निवासी परेशान, मंडी में सुविधाओं व लगातार लिफ्टिंग की भी मांग

डेली आवाज भारती



कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब के पूर्व मंत्री जगमोहन सिंह कंग ने धान की फसल के सीजन को देखते हुए कुराली अनाज मंडी के आढ़ती भाइयों के साथ बैठक कर मंडी से संबंधित समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान आढ़तियों ने कुराली की पुरानी अनाज मंडी से नई अनाज मंडी को जाने वाली सड़क, पपराली रोड से श्मशानघाट की ओर जाने वाली सड़क की खस्ता हालत पर चिंता जताते हुए इसे तुरंत ठीक करवाने की मांग की।

आढ़तियों ने कहा कि धान का सीजन शुरू हो चुका है और किसानों की फसल मंडी में पहुंचनी शुरू हो गई है, लेकिन नई अनाज मंडी को जाने वाली सड़क की हालत बेहद खराब होने के कारण किसानों, आढ़तियों और क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह सड़क नई अनाज मंडी में फसल की आवाजाही के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे प्राथमिकता के आधार पर जल्द ठीक करवाया जाना चाहिए। आढ़तियों ने कंग को याद करवाया कि उक्त सड़क का निर्माण पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान करवाया गया था, लेकिन अब सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। उन्होंने मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए सड़क की तुरंत मरम्मत करवाई जाए।

इसके अलावा नई अनाज मंडी में साफ-सफाई, नालियों तथा किसानों और आढ़तियों के लिए जरूरी अन्य सुविधाओं की कमी का मुद्दा भी उठाया गया। आढ़तियों ने कहा कि इन व्यवस्थाओं की कमी के कारण किसान, आढ़ती और क्षेत्र निवासी परेशान हो रहे हैं। बैठक के दौरान मंडी में फसल की लगातार और समय पर लिफ्टिंग करवाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। आढ़तियों ने कहा कि हर सीजन में सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदी गई फसल का काफी स्टॉक मंडी में पड़ा रहता है। मंडी में जगह सीमित होने के कारण नई फसल आने पर किसानों और आढ़तियों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने मांग की कि मंडी में पहुंचने वाली फसल की समय-समय पर लगातार लिफ्टिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि मंडी में जगह की समस्या न बने। इस मामले को जल्द हल करवाने के लिए जगमोहन सिंह कंग ने जिला प्रशासन मोहाली, नगर कौंसिल तथा मार्केट कमेटी कुराली के संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर जनहित, किसानों और अनाज मंडी के हित में आवश्यक कार्रवाई समय पर करने की मांग की। कंग ने आढ़ती भाइयों को भरोसा दिलाया कि उनके द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों की लगातार पैरवी की जाएगी और संबंधित समस्याओं को जल्द हल करवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह जल्द ही स्वयं कुराली अनाज मंडी का दौरा कर वहां के हालात का जायजा लेंगे। इस मौके पर आढ़ती प्रधान संजय गोयल, आढ़ती बिट्टू खुल्लर, आढ़ती पंकज गोयल, एमसी धीरज धीमान (हैप्पी), मास्टर यादविंदर गौड़ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

देश में प्राकृतिक गैस के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने लॉन्च किया 'नेशनल पीएनजी ड्राइव 3.0', 50 लाख नए कनेक्शन का लक्ष्य

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को नेशनल पीएनजी ड्राइव 3.0 का शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य देश में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के उपयोग को तेज गति से बढ़ाना और भारत के ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को मौजूदा लगभग 6 प्रतिशत से अधिक करने के लक्ष्य को आगे बढ़ाना है। यह अभियान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के 20वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुरू किया गया। यह 1 अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक चलाया जाएगा और इसमें पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, पीएनजीआरबी, सिटी गैस वितरण (सीजीडी) कंपनियां, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां और अन्य हितधारक भागीदारी करेंगे। हरदीप पुरी ने कहा कि इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य लोगों को एलपीजी से पीएनजी की ओर स्थानांतरित करना, मौजूदा गैस अवसंरचना का अधिकतम उपयोग करना और प्राकृतिक गैस को अधिक घरों तक पहुंचाना है। इसके तहत निष्क्रिय कनेक्शनों को फिर से सक्रिय करने, सीजीडी नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तार करने तथा नए उपभोक्ताओं को जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मंत्री ने बताया कि देशभर में अब तक 6,87,966 इंच-किलोमीटर पाइपलाइन नेटवर्क बिछाया जा चुका है और इसके आधार पर करीब 1.30 करोड़ अतिरिक्त पीएनजी कनेक्शन देने की क्षमता मौजूद है। पीएनजी ड्राइव 3.0 के तहत सरकार ने 50 लाख नए घरेलू पीएनजी कनेक्शन, 40 लाख निष्क्रिय कनेक्शनों को सक्रिय उपयोगकर्ताओं में बदलने और 50 लाख नए पीएनजी पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले चलाए गए पीएनजी ड्राइव 2.0 के तहत 12.10 लाख कनेक्शन, 13.37 लाख बिल्ड कनेक्शन और 15.31 लाख घरेलू पीएनजी पंजीकरण हासिल किए गए थे। इस दौरान दैनिक घरेलू पीएनजी कनेक्शन जोड़ने की दर में 43 प्रतिशत और बिलिंग उपभोक्ताओं की संख्या में 166 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। सरकार का मानना है कि पीएनजी ड्राइव 3.0 इस सफलता को और आगे बढ़ाएगा तथा देश के अधिक से अधिक घरों तक स्वच्छ, सुविधाजनक और भरोसेमंद गैस उपलब्ध कराएगा। प्राकृतिक गैस की उपलब्धता बढ़ाने के लिए पीएनजीआरबी ने देशभर में लगभग 34,233 किलोमीटर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क को मंजूरी दी है,

NSO ने अक्टूबर 2026 सर्वे अभियान शुरू किया, नागरिकों और उद्यमों से सहयोग की अपील

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) का क्षेत्र संकार्य प्रभाग (एफओडी) वर्ष 1950 से परिवारों एवं प्रतिष्ठानों से सूचनाएँ एकत्र करने का कार्य कर रहा है। इन सूचनाओं का उपयोग राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर योजना निर्माण तथा नीतियों के निर्धारण में किया जाता है। प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ह्स्ह्) की ओर से द्व-स्द्धद्वड्डु सॉफ्टवेयर से युक्त हैंडहेल्ड डिजिटल उपकरणों (टैबलेट) तथा उद्यम सर्वेक्षणों के लिए निर्धारित सुरक्षित वेब पोर्टलों का उपयोग करके जानकारी एकत्र की जाती है। इन सर्वेक्षणों में एकत्र की गई सभी जानकारी को पूर्णतः गोपनीय रखा जाता है। सर्वेक्षण में भाग लेने वाले परिवारों एवं उद्यमों की पहचान किसी भी रिपोर्ट या प्रकाशित आँकड़ों में प्रकट नहीं की जाती। एकत्रित आँकड़ों का उपयोग केवल सांख्यिकीय उ देश्यों के लिए किया जाता है। अक्तूबर, 2026 माह के दौरान विभिन्न जिलों में एनएसओ (एफओडी) द्वारा किए गए सर्वेक्षणों का विवरण संलग्नक-1 में संलग्न है। इसके अतिरिक्त, थोक मूल्य सूचकांक, क्रेता मूल्य सूचकांक, औ द्योगिक उत्पादन सूचकांक तथा निगमित सेवा क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण हेतु चयनित इकाइयों को नोटिस भेजे गए हैं तथा समय-समय पर आंकड़ा संकलन के लिए एनएसओ (एफओडी) के अधिकारियों द्वारा उनसे संपर्क किया जाता है। अतः सरकार सभी नागरिकों/उ द्यमों (जिनका उल्लेख परिशिष्ट- में किया गया है) से अनुरोध करती है कि वे सर्वेक्षण अधिकारियों को पूरा सहयोग प्रदान करें तथा सही और पूर्ण जानकारी देने के लिए अपना बहुमूल्य समय दें। सभी नागरिकों की सहभागिता राष्ट्र के हित में बेहतर योजना निर्माण और विकास कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देती है।झ

ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने धूरी अनाज मंडी में धान की खरीद शुरू करवाई, प्रबंधों का लिया जायजा

डेली आवाज भारती



धूरी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने आज धूरी की अनाज मंडी में धान की सरकारी खरीद शुरू करवाई। इस अवसर पर मार्केट कमेटी धूरी के चेयरमैन राजवंत सिंह घुल्ली, जिला परिषद के चेयरमैन रछपाल सिंह भुल्लर, ब्लॉक समिति धूरी के चेयरमैन रणजोध सिंह, गगन ज्वंधा तथा आढ़ती एसोसिएशन धूरी के प्रधान जतिंदर सिंह सोनी मंडेर भी उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने किसानों, आढ़तियों और मंडी से संबंधित अधिकारियों के साथ बातचीत कर धान की आमद, खरीद और लिफ्टिंग संबंधी प्रबंधों की जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा खरीफ सीजन के दौरान किसानों की सुविधा के लिए मंडियों में आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं और धान की खरीद प्रक्रिया को सुचारू ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने कहा कि किसानों को अपनी फसल मंडी में लाने से लेकर उसकी बिक्री और लिफ्टिंग तक किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए मंडी स्तर पर प्रबंधों की लगातार निगरानी की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में फसल की आमद बढ़ने के साथ-साथ खरीद और लिफ्टिंग की प्रक्रिया में भी तेजी लाई जाए, ताकि किसानों को अपनी फसल लेकर मंडी में अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों, आढ़तियों और मजदूरों सहित मंडी से जुड़े सभी वर्गों की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है।

एनएचएम कर्मचारियों ने हलका विधायक को सौंपा मांग पत्र

सरकार के साथ 53 बैठकें होने के बावजूद मांगों का समाधान न होने पर कर्मचारियों में रोष, मांगें न मानी गईं तो संघर्ष तेज करने की चेतावनी

डेली आवाज भारती



रूपनगर, गुरप्रीत, रूपनगर : नएचएम एम्प्लाइज यूनियन पंजाब के आह्वान पर आज जिले के सभी एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर हलका विधायक के कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान बड़ी संख्या में एकत्रित कर्मचारियों ने पंजाब सरकार के खिलाफ रोष जताते हुए अपनी मांगों से संबंधित मांग पत्र हलका विधायक एडवोकेट दिनेश चड्ढा को सौंपा और सरकार तक कर्मचारियों की आवाज पहुंचाने की अपील की। यूनियन नेताओं ने कहा कि एनएचएम कर्मचारी लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों और स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कोविड-19 महामारी सहित विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों और सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों के दौरान एनएचएम कर्मचारियों ने पूरी जिम्मेदारी से अपनी सेवाएं निभाई हैं। इसके बावजूद कर्मचारियों की जायज मांगों को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है। यूनियन नेताओं ने कहा कि पंजाब सरकार के साथ अब तक 53 बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन इन बैठकों के बावजूद एनएचएम कर्मचारियों की एक भी प्रमुख मांग को सरकार द्वारा स्वीकार नहीं किया गया और न ही मांगों के स्थायी एवं सार्थक समाधान के लिए कोई ठोस कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि हर बार बैठकों के दौरान सरकार द्वारा कर्मचारियों की मांगों पर विचार कर समाधान का भरोसा दिया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। यूनियन नेताओं ने हाल ही में वित्त मंत्री पंजाब और स्वास्थ्य मंत्री पंजाब की अध्यक्षता में हुई बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि उस बैठक में एनएचएम कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों के समाधान के लिए एनएचएम एम्प्लाइज वेलफेयर कमेटी गठित करने का फैसला किया गया था। इस कमेटी द्वारा कर्मचारियों की मांगों पर विचार कर उनके समाधान के लिए कार्रवाई की जानी थी। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री पंजाब द्वारा इस संबंध में 15 दिन की समय-सीमा दी गई थी, लेकिन समय-सीमा बीत जाने के बावजूद अभी तक एनएचएम एम्प्लाइज वेलफेयर कमेटी की एक भी बैठक नहीं हुई है। इसके कारण एनएचएम कर्मचारियों में सरकार के प्रति भारी रोष और निराशा पाई जा रही है। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार द्वारा किए गए वादों और दिए गए आश्वासनों के बावजूद यदि उनकी मांगों के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की जाती तो इसे कर्मचारियों के साथ गंभीर अन्याय माना जाएगा। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं और सरकार को कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सार्थक समाधान की दिशा में कदम उठाना चाहिए।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्त्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

6 मोहाली, शुक्रवार 2 अक्तूबर 2026 आवाज भारती फिल्मी तड़का

परिवार के साथ टाइम बिताकर इमोशनल हुईं

निमृत कौर

बोलीं-हम हमेशा एक-दूसरे का देते हैं साथ



अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बुधवार को अभिनेत्री ने बताया कि वह अपने परिवार के कितने करीब हैं और कैसे व्यस्त होने के बावजूद भी परिवार के सदस्य समय निकालकर एक-दूसरे से मिल लेते हैं। अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया ने इंस्टाग्राम पर परिवार के साथ कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वे सभी मजेदार पल बिताते नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री ने लिखा, मेरी जिंदगी की टैग टीम। उन्होंने आगे लिखा, चाहे अलग-अलग देश, अलग टाइम जोन, अलग शहर, काम का शेड्यूल, अपनी-अपनी जिंदगी और लगातार भागदौड़ हो। मैं जानती हूं कि मैं जितना चाहती हूं, उतना तुम्हारे साथ नहीं रह पाती और मैं वैसा नहीं दिखा पाती जैसा मैं चाहती हूं, लेकिन हर दिन मैं बिना भूले तुम सबके बारे में सोचती हूं। फिर मेरा मन शांत हो जाता है क्योंकि मैं जानती हूं कि हम कहीं भी हो, हम हमेशा एक-दूसरे का साथ देते हैं और एक दूसरे के लिए दुआ करते रहेंगे। शायद प्यार हमेशा दिखावटी नहीं होता। शायद ये एक साथ सारी उथल-पुथल और खामोशी में टिके रहने के बारे में है। अभिनेत्री की बात करें, तो उन्होंने हाल ही में थ्रिलर वेब सीरीज 'अब होगा हिसाब' से ओटीटी पर अपना डेब्यू किया है। इस सीरीज में शहीर शेख (बॉबी), संजय कपूर (गोल्डी सेखों / गोल्डी), मौनी रॉय (कामना), अविनाश मिश्रा (बंटी), निम्रित कौर अहलूवालिया (गजल), हरमन सिंघा (इंस्पेक्टर दोसांझ), आशीमा वरदान (लवली) और अंकित गुलाटी जैसे कलाकार मुख्य भूमिका मे नजर आए थे। यह सीरीज पंजाब की पृष्ठभूमि पर आधारित है और अवैध अप्रवासन (डंकी रूट), मानव तस्करी तथा अंगों की तस्करी की काली दुनिया के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी बॉबी मनोचा (शाहीर शेख) और उसके भाई बंटी (अविनाश मिश्रा) के आसपास आगे बढ़ती है। कनाडा से डिपोर्ट किए जाने के बाद बॉबी लौटता है और अपने छोटे भाई को सुरक्षित विदेश भेजने की कोशिश में एक खतरनाक और हिंसक जाल में फंस जाता है।

35 साल बाद पुराने स्कूल पहुंचीं

शिल्पा शिरोडकर

कथक कर ताजा की बचपन की यादें



अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर हाल ही में अपने पुराने स्कूल गई थीं, जहां उन्होंने बचपने से जुड़ी यादों को ताजा किया। गुरुवार को अभिनेत्री ने अपनी इस यात्रा की झलक और अनुभव सोशल मीडिया पर शेयर किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे कथक करती नजर आ रही हैं। शिल्पा शिरोडकर ने अपना अनुभव शेयर करते हुए लिखा, 35 साल बाद उसी स्कूल में फिर से डांस ग्लैमर पर हूं, जहां मैंने गोपी कृष्णजी से कथक सीखा था। यहां पर आकर कितनी यादें ताजा हो गई, वही जानी-पहचानी थाप और दिल खुशी से भर गया। फिर से डांस करके बहुत खुश हूं। अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर का यह पोस्ट काफी पसंद किया जा रहा है। उनकी बहन और अभिनेत्री नम्रता शिरोडकर ने कमेंट सेक्शन पर हार्ट इमोजी के साथ प्रतिक्रिया भी दी। अभिनेत्री ने साल 1989 में मिथुन चक्रवर्ती और रेखा के साथ फिल्म 'भ्रष्टाचार' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, बड़ी पहचान उन्हें फिल्म 'किशन कन्हैया' से मिली थी, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया था और साल 2000 में एम. एफ. हुसैन द्वारा निर्देशित फिल्म 'गजगामिनी' में अभिनय करने के बाद बॉलीवुड से ब्रेक ले लिया था। अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर ने 25 साल बाद सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म जटाधरा से बड़े पर्दे पर वापसी की। इस सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म में उन्होंने 'शोभा' नाम का एक जटिल और रहस्यमयी किरदार निभाया था, जो लालच और तंत्र-मंत्र से जुड़ा हुआ है। फिल्म में सुधीर बाबू (शिवा के रूप में) और सोनाक्षी सिन्हा (धन पिशाचिनी के रूप में), शिल्पा शिरोडकर और दिव्या खोसला अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म की कहानी एक घोस्ट हंटर (आत्माओं और भूतों के अस्तित्व को न मानने वाले तर्कवादी) शिवा (सुधीर बाबू) की है। शिवा का मकसद लोगों के मन से भूत-प्रेतों का डर मिटाना है लेकिन उसका सामना एक डरावने और रहस्यमयी घर तथा धन पिशाचिनी (सोनाक्षी सिन्हा) से होता है। यह पिशाचिनी उस प्राचीन खजाने और घर की रक्षा करती है, जिसे इंसानी लालच ने जगाया था। फिल्म जैसे-जैसे आगे बढ़ती है, यह केवल एक हॉरर थ्रिलर न रहकर आध्यात्मिक और पौराणिक आयाम ले लेती है।

पहली फिल्म हो या दसवीं, मेरे लिए स्क्रिप्ट सबसे पहले', नए डायरेक्टर के साथ काम करने पर बोले आयुष्मान खुराना



आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'उड़ता तीर' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह एक पाकिस्तानी जासूस बिलाल अहमद के किरदार में नजर आएंगे, जिसे अपनी याद्दाश्त खोने के बाद यकीन होने लगता है कि वह भारतीय है। फिल्म को लेकर उत्साहित आयुष्मान ने कहा कि वह किसी फिल्म को साइन करते समय यह नहीं देखते कि डायरेक्टर पहली फिल्म बना रहा है या दसवीं। उनके लिए सबसे ज्यादा मायने रखती है कहानी और उसे लेकर फिल्ममेकर का विजन। बता दें कि आयुष्मान अपने करियर में लगातार ऐसी फिल्मों का हिस्सा बने है, जिनमें एंटरटेनमेंट के साथ अलग और मजबूत कहानी भी हो। 'दम लगा के हईशा', 'शुभ मंगल सावधान', 'ड्रीम गर्ल', 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान' और 'डॉक्टर जी' जैसी फिल्मों में काम करने के बाद अब वह 'उड़ता तीर' में राइटर आकाश ए. कौशिक के साथ नजर आएंगे। नए डायरेक्टर्स के साथ काम करने को लेकर आयुष्मान ने कहा, 'मेरे लिए स्क्रिप्ट हमेशा सबसे पहले आती है। मैं यह नहीं देखता कि कोई फिल्ममेकर अपनी पहली फिल्म डायरेक्ट कर रहा है या दसवीं। मैं यह देखता हूं कि उनके पास ऐसी कहानी और विजन है या नहीं, जो मुझे आर्कषित कर सके। मेरे करियर में सबसे यादगार अनुभव नए और अलग तरह के लोगों के साथ काम करने से आए हैं।' उन्होंने कहा, 'नए फिल्ममेकर्स अपने साथ एक अलग तरह की भूख, ताजगी और हिम्मत लेकर आते हैं। उनमें जानी-पहचानी कहानियों को अलग नजरिए से देखने का साहस होता है। मैंने हमेशा माना है कि अगर किसी कहानी के पीछे विश्वास मजबूत है, तो उसे सपोर्ट किया जाना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'हर नया डायरेक्टर सेट पर एक अलग एनर्जी लेकर आता है।

अभिषेक की फिल्म 'दृश्यम 3' के लिए इमोशनल हुईं शिवालिका ओबेरॉय, कहा-कल दुनिया देखेगी



अभिनेता अजय देवगन की थ्रिलर की फिल्म 'दृश्यम 3ः द कन्क्लूज' रिलीज होने के लिए तैयार है। गुरुवार को फिल्म के निर्देशक अभिषेक पाठक की पत्नी और अभिनेत्री शिवालिका ओबेरॉय ने पति पर गर्व जताते हुए कहा कि इस फिल्म के पीछे कड़ी मेहनत और कई जागी रातें भी हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर सेट की कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें उन्होंने बताया कि वह इस सफर को करीब से देख पाईं, यह उनके लिए सौभाग्य की बात है और साथ ही फिल्म में परिवार के एंगल के मजबूत होने का भी इशारा किया। अभिनेत्री ने लिखा, मैंने उस सपने को पूरा होते हुए देखा है, कड़ी मेहनत, बिना सोई रातें और उसके पीछे का जज्बा भी देखा है। कल दुनिया वो देखेगी, जो मैं अब तक देखती आ रही हूं और अगर आपने 'दृश्यम' देखी है, तो आप जानते ही हैं, जब परिवार की बात आती है, तो मेरे पति कोई मजाक नहीं करते।' क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दृश्यमः द कन्क्लूजन' में एक बार फिर अजय देवगन विजय सलगांवकर के रोल में लौट रहे हैं। अभिषेक पाठक के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में तब्बू, श्रिया सरन, इशिता दत्ता, मृणाल जाधव, रजत कपूर, प्रकाश राज और जयदीप अहलावत भी हैं। 'दृश्यम 3ः द कंक्लूजन' दृश्यम फ्रेंचाइजी की तीसरी और अंतिम कड़ी है, जो विजय सलगांवकर (हिंदी) के परिवार और पुलिस के बीच के सस्पेंस और माइंड गेम के आखिरी अध्याय को समेटती है। यह फिल्म पिछले अनसुलझे रहस्यों, परिवार की सुरक्षा और पुलिस की अंतिम कोशिशों के इर्द-गिर्द घूमेगी। पिछली फिल्मों के विपरीत यह फिल्म किसी मलयालम वर्जन की रीमेक नहीं है बल्कि इसकी एक मौलिक (ओरिजिनल) कहानी है जो सीरीज का अंत करेगी।

राघव चड्ढा को पसंद आई परिणीति की सीरीज 'शक', कहा-फिल्म ने आखिरी तक बांधे रखा

मुंबई। अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की साइकोलॉजिकल मिस्ट्री थ्रिलर वेब सीरीज 'शकः ट्रस्ट नो वन' नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। गुरुवार को अभिनेत्री के पति राघव चड्ढा ने सीरीज की तारीफ करने के साथ-साथ सभी से इसे देखने की अपील भी की। राघव चड्ढा ने इंस्टाग्राम पर सीरीज के स्क्रीनिंग की तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें परिणीति और राघव चड्ढा के साथ सीरीज की पूरी टीम नजर आ रही है। राघव चड्ढा ने सीरीज की सराहना करते हुए लिखा, फिल्म 'शक' ने मुझे आखिरी तक बांधे रखा। इसका सस्पेंस लगातार बढ़ता रहता है, हर एपिसोड के साथ आप जो जानते हैं उस पर ही शक होने लहता है। आखिर में मेरे मन में बस एक ही सवाल था- किडनैपर कौन था? सबसे करीबी दोस्तों और परिवार के साथ प्रीमियर और भी खास बन गया। पूरी कास्ट आपको कहानी में



खींच लेती है। उन्होंने अपनी पत्नी और अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा के अभिनय की सराहना करते हुए लिखा, आपने क्या कमाल का अभिनय किया है, अन्विता के किरदार को सच में जी लिया। एक गर्वित पति होने के अलावा कहूं तो ये वाकई में दिल थाम देने वाली सीरीज है। आप सभी नेटफ्लिक्स पर सीरीज 'शक' देखिए। सभी कलाकारों ने शानदार अभिनय किया है।वेब सीरीज 'शकः ट्रस्ट नो वन' के जरिए परिणीति ने अपना ओटीटी डेब्यू किया है। सीरीज में अभिनेत्री के साथ-साथ जेनिफर विंगेट, ताहिर राज भसीन, सोनी राजदान, हरलीन सेठी जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। 7 एपिसोड वाली यह सीरीज 24 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। 'शकः ट्रस्ट नो वन' की कहानी अन्विता (परिणीति चोपड़ा) नामक मां के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी बेटी अपेक्षा जन्म के तुरंत बाद अस्पताल से रहस्यमय तरीके से गायब हो जाती है। बेटी के अपहरण के 9 साल बाद भी मां अपनी बेटी की तलाश जारी रखती है और उसे अपनों पर ही शक होने लगता है। इस दौरान कई गहरे राज खुलते हैं, रिश्तों में अविश्वास पैदा होता है और कहानी में कई रोमांचक मोड़ आते हैं।



शूटिंग पर आशा पारेख का मेकअप करती थीं गीता बाली, शम्मी कपूर के सामने जताई थी उन्हें गोद लेने की इच्छा



अभिनेत्री आशा पारेख के फिल्मी करियर से जुड़े कई किस्से आज भी लोगों को उनकी तरफ खींचते हैं। तमाम किस्सों में एक किस्सा दिग्गज एक्ट्रेस गीता बाली से जुड़ा है। आशा पारेख ने अपनी ऑटोबायोग्राफी 'द हिट गर्ल' में बताया कि गीता बाली उन्हें इतना पसंद करती थीं कि एक समय उन्होंने उन्हें गोद लेने की इच्छा तक जाहिर कर दी थी। यह बात उस दौर की है, जब वह इंडस्ट्री में नई थीं और शम्मी कपूर के साथ अपनी शुरुआती बड़ी फिल्मों में काम कर रही थीं। आशा पारेख जब पांचवीं क्लास में थी, तब उन्होंने फिल्मी दुनिया में कदम रखा था। बिमल रॉय की फिल्म 'मां' में उन्होंने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम किया था। हालांकि, उनका असली स्टारडम तब शुरू हुआ, जब साल 1959 में वह फिल्म 'दिल देके देखो' में शम्मी कपूर के साथ लीड रोल में नजर आईं। यह फिल्म उनके करियर के लिए बेहद खास साबित हुई और इसी दौरान उनका शम्मी कपूर के परिवार से भी एक खास रिश्ता बना। 'दिल देके देखो' की शूटिंग के दौरान आशा की मुलाकात शम्मी कपूर की पत्नी और मशहूर एक्ट्रेस गीता बाली से हुई।

इंटरनेशनल कॉफी डेः कॉफी और बॉलीवुड सितारों का खास कनेक्शन, जानिए किसे कैसी कॉफी है पसंद

मुंबई कुछ लोगों के लिए सुबह की शुरुआत कॉफी के बिना अधूरी होती है, तो कुछ के लिए कॉफी दिनभर की भागदौड़ के बीच सुकून का एक छोटा-सा पल है। शूटिंग, मीटिंग्स और ट्रैवल के बीच बॉलीवुड सितारे भी कॉफी का मजा लेते नजर आते हैं। 1 अक्टूबर को मनाए जाने वाले इंटरनेशनल कॉफी डे के मौके पर आइए जानते हैं कि सितारों का कॉफी से कैसा कनेक्शन है।

आलिया भट्टः ब्लैक कॉफी है पसंद

आलिया भट्ट ने कई मौकों पर अपनी कॉफी पसंद के बारे में बात की है। उन्हें ब्लैक कॉफी पसंद है। हालांकि, अलग-अलग जगहों पर कॉफी की अलग वैरायटी ट्राय करना भी उन्हें पसंद है। लंदन में रहने के दौरान उन्होंने एगनॉग लैटे का भी मजा लिया था। उनके लिए कॉफी रोज की पसंद के साथ-साथ कभी-कभी एक खास ट्रीट भी है।

कियारा आडवाणीः खुद को बता चुकी हैं कॉफी एडिक्ट : कियारा आडवाणी ने एक इंटरव्यू में खुद को कॉफी एडिक्ट बताया था। उन्हें ब्लैक कॉफी पसंद है। शूटिंग, प्रमोशन और ट्रैवल से भरे व्यस्त शेड्यूल के बीच कॉफी उनके लिए एक पसंदीदा साथी बन जाती है।

वरुण धवनः बिजी शेड्यूल के बीच कॉफी ब्रेक : वरुण धवन भी कई बार कॉफी के साथ नजर आ चुके हैं। शूटिंग के बीच छोटा-सा ब्रेक हो या ट्रैवल के दौरान आराम का वक्त, कॉफी उनके लिए दिन के व्यस्त शेड्यूल के बीच एक अच्छा ब्रेक है।



करीना कपूरः कॉफी की हैं बड़ी फैन

करीना कपूर का कॉफी प्रेम काफी पुराना है। वह काम के दौरान अपनी पसंदीदा कॉफी का आनंद लेने के साथ-साथ ट्रैवल के दौरान अलग-अलग कॉफी स्पॉट्स को एक्सप्लोर करना भी पसंद करती हैं। उनके लिए कॉफी सिर्फ एक ड्रिंक नहीं, बल्कि अच्छे खाने, अच्छी जगह और अच्छी कंपनी के साथ बिताए जाने वाले समय का हिस्सा भी है।

पुलकित सम्राटः ब्लैक कॉफी से करते हैं दिन की शुरुआत : पुलकित सम्राट ने बताया है कि वह अपने दिन की शुरुआत ब्लैक कॉफी से करते हैं। इसके बाद वह मेडिटेशन और एक्सरसाइज करते हैं। फिटनेस पर खास ध्यान देने वाले पुलकित को स्ट्रॉन्ग कॉफी पसंद है और वह इसमें थोड़ा दालचीनी का फ्लेवर भी पसंद करते हैं।

श्रद्धा कपूरः कॉफी शॉप में काम करने का अनुभव : श्रद्धा कपूर की कॉफी से जुड़ी एक दिलचस्प कहानी है। अमेरिका में पढ़ाई के दौरान उन्होंने एक कॉफी शॉप में पार्ट-टाइम काम किया था। वहां उन्होंने कॉफी और हॉट चॉकलेट बनाने के साथ कैफे में काम करने का अनुभव भी लिया। इसलिए उनके लिए कॉफी सिर्फ पसंदीदा ड्रिंक नहीं, बल्कि उनकी पुरानी यादों से भी जुड़ी हुई है।

कृति खरबंदाः कॉफी और बातचीत का साथ कृति खरबंदा के लिए कॉफी आराम और अपनों के साथ वक्त बिताने से जुड़ी है। दोस्तों और करीबियों के साथ बैठकर कॉफी पीना और बातचीत करना उनके लिए सुकून भरे पलों में से एक है। बिजी शेड्यूल के बीच कॉफी उनके लिए एक छोटा-सा रिलैक्सिंग ब्रेक बन जाती है।

अनन्या पांडेः दिन के बीच एक छोटा कॉफी ब्रेक

अनन्या पांडे के बिजी शूटिंग और ट्रैवल शेड्यूल के बीच कॉफी एक क्विक पिक-मी-अप का काम करती है। दोस्तों के साथ कॉफी पर बातचीत हो या काम के बीच एक छोटा ब्रेक, कॉफी उनके रूटीन का हिस्सा नजर आती है।

page 7_Layout 1 01-10-2026 15:52 Page 1

तुलु भाषा को राष्ट्रीय मान्यता दिलाने और उसके विकास के मिशन का प्रस्ताव सौंपा गया

डेली आवाज भारती

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुरुवार को तुलु भाषा राष्ट्रीय मान्यता और विकास मिशन 2026-2035 शुरू करने का प्रस्ताव सौंपा गया। इस प्रस्ताव में तुलु भाषा और उसकी सांस्कृतिक विरासत को संवैधानिक मान्यता दिलाने, उसे संरक्षित करने, डिजिटाइज करने, उसकी शिक्षा और प्रचार-प्रसार के उपायों पर अलग-अलग मंत्रालयों के बीच समीक्षा करने की मांग की गई है। कर्नाटक राज्य नीति और योजना आयोग के सदस्य एस. मोहनदास हेगड़े द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में संविधान की आठवीं अनुसूची में तुलु भाषा को शामिल करने और इसकी साहित्यिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के रिसर्च और संरक्षण के लिए एक राष्ट्रीय ढांचा बनाने पर विचार करने की मांग की गई है। इस प्रस्ताव में 2011 की जनगणना के आंकड़ों का हवाला दिया गया है, जिसके अनुसार तुलु बोलने वाले मूल लोगों की संख्या 18,46,849 है और इसमें भारत और विदेशों में इस भाषा की मौजूदगी पर भी जोर दिया गया है। इसमें तुलु के भाषाई इतिहास, पांडुलिपियों, शिलालेखों, मौखिक



परंपराओं और तुलु-तिगलारी लिपि पर व्यवस्थित रिसर्च का प्रस्ताव है। प्रस्ताव में तुलु नाडु के इतिहास पर एक खास रिसर्च प्रोजेक्ट की भी मांग की गई है, जिसमें अलुपा राजवंश, बरकुर और तुलुवा राजवंश और विजयनगर साम्राज्य के बीच ऐतिहासिक संबंधों को शामिल किया गया है। इसमें स्थापित ऐतिहासिक सबूतों को विवादित दावों और सांस्कृतिक परंपराओं से अलग करने की बात कही गई है। दस्तावेज में 'दोहरी-लिपि सामंजस्य मॉडल' का प्रस्ताव है, जिसके तहत कन्नड़ समकालीन प्रशासन और सार्वजनिक शिक्षा का माध्यम बनी रहेगी, जबकि तुलु-तिगलारी का इस्तेमाल पांडुलिपि संरक्षण, शिलालेखों और विद्वतापूर्ण रिसर्च के लिए किया जाएगा।यह प्रस्ताव मंगलुरु में 18 सितंबर को हुई कर्नाटक कैबिनेट की बैठक के ठीक बाद आया है, जिसमें दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिलों में प्रशासनिक कार्यों के लिए तुलु को राज्य की दूसरी अतिरिक्त आधिकारिक भाषा का दर्जा देने का फैसला किया गया था। सरकार ने अनुवाद, प्रशिक्षण और संबंधित कार्यान्वयन उपायों के लिए सालाना 82 लाख रुपए आवंटित करने की भी घोषणा की है। प्रस्ताव में तीन नीतिगत रास्ते बताए गए हैं जिनमें संवैधानिक मान्यता, शास्त्रीय भाषा का दर्जा पाने के लिए तुलु की पात्रता की जांच और 10 साल के राष्ट्रीय मिशन का खाका शामिल है। इसमें विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट के लिए 450 करोड़ रुपए के अनुमानित बजट का प्रस्ताव है, साथ ही भाषा तकनीक, पांडुलिपि संरक्षण, शिलालेखों और शिक्षा से संबंधित मौजूदा केंद्रीय योजनाओं के साथ तालमेल बिठाने का सुझाव भी दिया गया है। इस प्रस्ताव में प्रधानमंत्री कार्यालय से अनुरोध किया गया है कि वह संबंधित मंत्रालयों को इस प्रस्ताव की अंतर-मंत्रालयी जांच शुरू करने के लिए उचित निर्देश जारी करे।

खुदरा चीनी की कीमतें करीब 15 प्रतिशत गिरीं, एक्स-मिल दाम भी 28 प्रतिशत घटा: केंद्र

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। खुदरा बाजार में चीनी की कीमतों में अगस्त के उच्चतम स्तर से करीब 15 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। वहीं, मिल से निकलने वाली चीनी (एक्स-मिल) की कीमतों में करीब 28 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है और दाम करीब तीन हफ्तों से स्थिर बने हुए हैं। यह जानकारी सरकार की ओर से गुरुवार को दी गई। सरकार ने कहा कि अगस्त में चीनी की कीमतें अपने सबसे ऊंचे स्तर पर थीं, तब से औसत खुदरा कीमतों में 15 प्रतिशत की गिरावट आई है। उम्मीद है कि कीमतें और कम होंगी क्योंकि कम एक्स-मिल कीमतों का फायदा सप्लाई चेन तक पहुंचेगा। एक्स-मिल चीनी की कीमतों में उच्चतम स्तर से लगभग 28 प्रतिशत की गिरावट आई है और पिछले तीन हफ्तों से ये कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। सरकार के अनुसार, कीमतों में यह गिरावट उन विभिन्न उपायों का असर है जो चीनी की



पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और बाजार में इसकी सुचारू आवाजाही को आसान बनाने के लिए किए गए थे। जमाखोरी रोकने और आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए, सरकार ने चीनी डीलरों के लिए स्टॉक रखने की अवधि घटाकर 15 दिन कर दी है और स्टॉक रखने की सीमा 1,000 क्विंटल तय की है। ये नए नियम 15 अक्टूबर से 30 नवंबर, 2026 तक लागू रहेंगे। नए नियमों के तहत, चीनी डीलरों को चीनी मिलने की तारीख से 15 दिन से ज्यादा समय तक स्टॉक रखने की इजाजत नहीं होगी। साथ ही, उन्हें देश में किसी भी जगह और किसी भी समय 1,000 क्विंटल से ज्यादा चीनी का स्टॉक रखने की भी अनुमति नहीं होगी। हालांकि, क्षेत्रीय बाजार की खास ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए, कोलकाता और उसके आस-पास के मेट्रोपॉलिटन इलाकों के साथ-साथ असम राज्य के लिए स्टॉक रखने की सीमा 2,000 क्विंटल तय की गई है। सरकार ने कहा कि कोलकाता उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक से चीनी मंगाता है और इसे पूर्वी भारत, जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र भी शामिल है, में आपूर्ति करता है। असम के लिए ज्यादा सीमा भौगोलिक चुनौतियों, ट्रांसपोर्टेशन लॉजिस्टिक्स और पूर्वोत्तर में उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए तय की गई है। इन नए नियमों का मकसद यह पक्का करना है कि डिस्ट्रिब्यूशन चेन में चीनी का अनावश्यक जमावड़ा न हो और चीनी मिलों से डीलरों के जरिए उपभोक्ताओं तक आपूर्ति सुचारू रूप से चलती रहे। इस कदम का मकसद जमाखोरी पर और रोक लगाना, सट्टेबाजी को हतोत्साहित करना और डीलरों द्वारा चीनी का स्टॉक जमा करने से रोकना है। सरकार ने कहा कि स्टॉक रखने की मात्रा और अवधि दोनों को सीमित करने से सप्लाई चेन में चीनी की आवाजाही व्यवस्थित होगी और उचित कीमतों पर इस कमोडिटी की लगातार उपलब्धता बनाए रखने में मदद मिलेगी।

1901 के बाद पूर्वोत्तर भारत में सबसे कमजोर रहा दक्षिण-पश्चिम मानसून, बारिश में भी कमी : आईएमडी

डेली आवाज भारती

गुवाहाटी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि पूर्वोत्तर में पिछले 125 सालों में सबसे सूखा दक्षिण-पश्चिम मानसून रहा है। जून-सितंबर के मौसम के दौरान पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में सिर्फ 1,017.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। 2026 में हुई मौसमी बारिश इस इलाके में 1901 से आईएमडी की बारिश की रिकॉर्डिंग शुरू होने के बाद से सबसे कम रही है। यह इलाके के आम तौर पर ज्यादा बारिश वाले मानसून पैटर्न से एक बहुत बड़ा और असामान्य बदलाव दिखाता है। असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में बारिश की कमी लगातार बनी रही। आईएमडी के अनुसार, तीनों मौसम संबंधी सब-डिवीजन में मानसून के चारों महीनों, जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर, में कम



बारिश दर्ज की गई। लंबे समय तक बारिश की कमी इसलिए अहम है क्योंकि पूर्वोत्तर पारंपरिक रूप से देश के सबसे ज्यादा बारिश वाले इलाकों में से एक है और खेती, जल संसाधनों और अन्य आर्थिक गतिविधियों के लिए दक्षिण-पश्चिम मानसून पर बहुत ज्यादा निर्भर है। राष्ट्रीय स्तर पर भी, भारत में चार महीने का मानसून सीजन सामान्य से कम बारिश के साथ खत्म हुआ। देश में जून और सितंबर के बीच 759.4 मिमी बारिश हुई, जिससे 2026 का मानसून सीजन 1901 के बाद से 13वां सबसे कम बारिश वाला और 2001 के बाद से चौथा सबसे कम बारिश वाला सीजन बन गया। हालांकि, पूर्वोत्तर में बारिश की कमी राष्ट्रीय स्तर की स्थिति से अलग और ज्यादा गंभीर थी। सितंबर के आखिर में असम में भारी से बहुत भारी बारिश के बावजूद स्थिति में खास बदलाव नहीं आया। आईएमडी के आकलन से पता चला कि बारिश के ये तेज दौर सीजन की कुल कमी को पूरा करने के लिए काफी नहीं थे।

दो बाइकों आमने-सामने की भिड़ंत, हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल



बहरोड़। कस्बे के तसींग बस स्टैंड पर गुरुवार सुबह करीब 9 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में तसींग निवासी विकास यादव और दूसरा युवक विकास उर्फ काशी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायलों को तुरंत पास के पार्क हॉस्पिटल में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजनों ने उन्हें जयपुर के निम्स (हड्डरूर) अस्पताल रेफर करवा लिया, जहां उनका इलाज जारी है। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, विकास यादव के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण सिर में खून का थक्का जम गया है, वहीं दूसरे घायल विकास उर्फ काशी के बाएं हाथ में गंभीर फ्रैक्चर व चोटें आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ईडी अफसरों पर एससी-एसटी मामला : हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन पर लगाया 10 हजार रुपए का जुर्माना

डेली आवाज भारती

रांची। ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए छह हफ्ते का समय मांगा गया। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए उनपर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया और जवाब दाखिल हुए चार हफ्ते का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 2 नवंबर को होगी। ईडी के तत्कालीन अधिकारियों कपिल राज, देवव्रत झा और अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर हेमंत सोरेन द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराई गई प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की गई है। इस मामले में हाईकोर्ट पहले भी हेमंत सोरेन की ओर से जवाब दाखिल करने का निर्देश दे चुका है। इससे पहले अप्रैल 2026 में हुई सुनवाई के दौरान भी जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया था। अदालत ने उस समय भी जुर्माना लगाया था। मामला वर्ष 2024 का है। हेमंत सोरेन ने दिल्ली स्थित अपने आवास पर ईडी की तलाशी के बाद 31 जनवरी 2024 को रांची के एससी-एसटी थाने में



ईडी के तत्कालीन अधिकारियों कपिल राज, देवव्रत झा, अनुपम कुमार और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि 29 जनवरी 2024 को उनके दिल्ली स्थित आवास की ईडी अफसरों द्वारा जिस तरह तलाशी ली गई और जिस तरह उनके खिलाफ दुष्प्रचार किया गया, वह अपमानजनक है। सोरेन ने कहा था कि वे अनुसूचित जनजाति से आते हैं। ईडी का ऑपरेशन उन्हें और उनके पूरे समुदाय को अपमानित करने वाला है। इस एफआईआर पर कार्रवाई करते हुए रांची पुलिस ने सीआरपीसी-41ए के तहत ईडी के आफसरों को नोटिस जारी किया था।

ओपी राजभर ने सपा प्रमुख पर साधा निशाना, कहा-'पीडीए को लेकर भ्रमित हैं अखिलेश'

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी के तीसरे राज्यसभा उम्मीदवार, 'इंडिया' गठबंधन के विरोध प्रदर्शन और सपा-कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर प्रतिक्रिया दी है। आईएएनएस से बातचीत करते हुए ओम प्रकाश राजभर ने कहा, अखिलेश यादव समय-समय पर 'पीडीए' की परिभाषा बदलते रहते हैं। कल का उनका फॉर्मूला निकला कि 'पी' से परिवार राम गोपाल यादव, 'डी' से धनीराम दौलतमंद हैं और 'ए' बच गया है। अब कहीं से अपराधी पकड़ कर लाएंगे। भाजपा के 10 विधायकों के संपर्क में होने के सपा के दावे पर ओम प्रकाश राजभर ने कहा, किसके विधायक टूटते हैं, पता चल जाएगा। पिछले विधान परिषद और राज्यसभा चुनाव में कौन टूटा था।



तेजी से पिघल रहे स्विट्जरलैंड के ग्लेशियर, 5 वर्षों में ही लगभग 20 फीसदी बर्फ खत्म: रिपोर्ट

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। स्विट्जरलैंड के ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने का सिलसिला 2026 में भी जारी रहा। नई रिपोर्ट एक भयावह तस्वीर पेश करती है। जिसके मुताबिक, इस साल के पहले आठ महीनों में देश के ग्लेशियर्स ने अपने 5.5 प्रतिशत बर्फीले आयतन को खो दिया। इसके साथ ही 2021 से अब तक महज पांच वर्षों में स्विस ग्लेशियरों की कुल बर्फ का 19.4 प्रतिशत हिस्सा खत्म हो चुका है। स्विस ग्लेशियर मॉनिटरिंग नेटवर्क (ग्लैमॉस) और स्विस कमीशन फॉर क्रायोस्फीयर ऑब्जर्वेशन की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 2026 में ग्लेशियरों की औसत मोटाई में करीब 2.5 से 4 मीटर तक की कमी दर्ज की गई। वैज्ञानिकों के मुताबिक, कई



ग्लेशियर अब केवल सतह से पिघल नहीं रहे, बल्कि उनके भीतर पानी के प्रवाह से बर्फ के अंदर सुरंगें और बड़े खाली हिस्से बन रहे हैं, जिससे ग्लेशियर अंदर से कमजोर होकर टूट रहे हैं। ईटीएच ज्यूरिख के ग्लेशियर वैज्ञानिक और रिपोर्ट के प्रमुख लेखक मैथियास हुस के मुताबिक, कई जगहों पर कुछ साल पहले तक जहां सैकड़ों मीटर मोटी बर्फ थी, वहां अब चट्टानों से भरा ऐसा भू-दृश्य दिखाई दे रहा है जो चंद्रमा की सतह जैसा नजर आता है।

इस बदलाव के पीछे 2026 की भीषण गर्मी और सर्दियों में कम बर्फबारी को प्रमुख कारण बताया गया है। अप्रैल से सितंबर तक का छह महीने का समय स्विट्जरलैंड में 1864 में रिकॉर्ड शुरू होने के बाद से सबसे गर्म और सबसे सूखा रहा। यूरोप की गर्मी वैश्विक औसत की तुलना में लगभग दोगुनी गति से बढ़ रही है और वैज्ञानिक इसका संबंध जीवाश्म ईंधन से होने वाले ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से जोड़ते हैं। हालांकि 2026 में बर्फ का नुकसान 2022 के रिकॉर्ड स्तर से थोड़ा कम रहा। वैज्ञानिकों के अनुसार, इस बार सहारा की धूल का जमाव अपेक्षाकृत कम रहा और सर्दियों के अंत में बर्फ की मात्रा थोड़ी अधिक थी। सहारा की धूल बर्फ की सतह को गहरा कर देती है, जिससे वह कम सूर्यप्रकाश परावर्तित करती है और अधिक गर्मी सोखती है। स्विट्जरलैंड का प्लाटालवाफिर्न या ग्रीस ग्लेशियर इस बदलाव का एक खास उदाहरण है। इसने केवल दो दशकों में अपने क्षेत्रफल का करीब 99 प्रतिशत हिस्सा खो दिया है।

सीबीआई कोर्ट का फैसला : एलआईसी के असिस्टेंट को 10 साल की सजा, 6.37 करोड़ के घोटाले में 3 अन्य को भी जेल

डेली आवाज भारती

लखनऊ। सीबीआई की विशेष अदालत, लखनऊ ने एलआईसी में हुए 6.37 करोड़ रुपए के बड़े घोटाले के मामले में चार लोगों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। यह फैसला कोर्ट ने 30 सितंबर को सुनाया। इस मामले में दोषियों में एक सरकारी कर्मचारी पंकज सक्सेना है, जो उस समय एलआईसी की ट्रांसगोमती ब्रांच, जानकीपुरम, लखनऊ में हायर ग्रेड असिस्टेंट के पद पर तैनात था। इसके अलावा तीन व्यक्ति, प्रेम शंकर उपाध्याय, रेखा उपाध्याय और मनीष सक्सेना भी शामिल हैं। कोर्ट ने सरकारी कर्मचारी पंकज सक्सेना को 10 साल के कठोर कारावास और 5 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं, तीन अन्य आरोपियों प्रेम शंकर उपाध्याय, रेखा उपाध्याय और मनीष सक्सेना को तीन-तीन साल के कठोर कारावास और 1.25-1.25 लाख रुपए जुर्माने की सजा दी गई है।

सीबीआई ने यह केस 13 अगस्त 2012 को



दर्ज किया था। यह केस एलआईसी की ट्रांसगोमती ब्रांच के चीफ मैनेजर की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि फरवरी 2006 से अगस्त 2010 के बीच आरोपियों ने आपस में साजिश रची। आरोपियों ने फर्जी और गैर-मौजूद पॉलिसीधारकों के नाम पर जाली पेमेंट वाउचर और चेक तैयार किए और एलआईसी के पैसों को धोखाधड़ी से निकाल लिया। इस तरह लगभग 6 करोड़ 37 लाख 66 हजार 660 रुपए का घोटाला किया गया। जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने 21 अगस्त 2014 को आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें एलआईसी ट्रांसगोमती ब्रांच के अधिकारी भी शामिल थे। लंबी सुनवाई के बाद अब कोर्ट ने सभी आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

इससे पहले बुधवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) कोर्ट ने रिश्वत के मामले में इनकम टैक्स ऑफिसर को 5 वर्ष की सख्त सजा और 1.5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। दरअसल, औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) की सीबीआई कोर्ट ने रिश्वत के एक मामले में सतीश कुमार भदानी को दोषी ठहराया और सजा सुनाई थी। भदानी उस समय जलगांव (महाराष्ट्र) के इनकम टैक्स ऑफिस में इनकम टैक्स ऑफिसर (आईटीओ) थे। उनके खिलाफ पांच वर्ष की सख्त सजा और 1.5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था।

राजस्थान पुलिस अकादमी में सोमवार को सजेगी दीक्षांत परेड : नव-प्रशिक्षित कांस्टेबल बैच-102 का होगा पासिंग आउट समारोह

डेली आवाज भारती

जयपुरः राजस्थान पुलिस अकादमी (RPA) जयपुर के परेड ग्राउंड पर आगामी सोमवार, 05 अक्टूबर 2026 को प्रातः 8:00 बजे प्रशिक्षु कांस्टेबल बैच संख्या-102 का भव्य दीक्षांत परेड समारोह आयोजित किया जाएगा। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, जो परेड का निरीक्षण करने के साथ-साथ देश सेवा और संविधान की रक्षा के लिए नव-प्रशिक्षित जवानों को शपथ दिलाएंगे। समारोह का मुख्य कार्यक्रम अकादमी द्वारा जारी आधिकारिक आदेशों के अनुसार, दीक्षांत परेड की शुरुआत प्रातः 8:00 बजे मुख्य अतिथि के आगमन और राष्ट्रगीत वंदे मातरम के साथ होगी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, राष्ट्रीय ध्वज व पुलिस कलर पार्टी के अभिवादन और प्रशिक्षणार्थियों के शपथ ग्रहण का कार्यक्रम संपन्न होगा।



चाक-चौबंद व्यवस्थाएं और जिम्मेदारियां

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक संजीब कुमार नार्ज़ारी के दिशानिर्देशन में उप निदेशक एवं प्राचार्य रामस्वरूप शर्मा को संपूर्ण दीक्षांत समारोह का ओवरऑल प्रभारी बनाया गया है। परेड ग्राउंड के पीछे अस्थायी किले का निर्माण, मंच संचालन, परेड ग्राउंड की सजावट और सेल्यूटिंग बेस की सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की विभिन्न टीमों को तैनात किया गया है।

मार्च पास्ट और पारितोषिक वितरण के बाद मुख्य अतिथि का उद्बोधन होगा, जिसके बाद अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (प्रशिक्षण) द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा। इस दीक्षांत समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल 03 अक्टूबर 2026 को प्रातः 08:00 बजे आयोजित की जाएगी।

अमेरिका जाने के 'डंकी रूट' में इथियोपिया में लापता गुजरात के तीन लोग भारत लौटे

डेली आवाज भारती

मेहसाणा। अमेरिका पहुंचने के लिए कथित अवैध प्रवासी मार्ग का इस्तेमाल करने के दौरान इथियोपिया में लापता हुए गुजरात के तीन निवासी भारत लौट आए हैं। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि रुत्विक जंसारी, ममता चावड़ा और मयूरी मुंबई पहुंच चुके हैं और अपने गृह जिले मेहसाणा के लिए रवाना हो गए हैं। लांघणज पुलिस इंस्पेक्टर अंकुश गेहलोत ने आईएएनएस को बताया कि तीनों आज तड़के करीब 3 बजे विदेश मंत्रालय और स्थानीय अधिकारियों के समन्वय से मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद वे मेहसाणा के लिए रवाना हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीनों के कथित अपहरणकर्ताओं के तार 'बाबा खान नेटवर्क' से जुड़े



होने की बात सामने आई है, हालांकि मामले की जांच अभी जारी है। गेहलोत ने कहा, कथित अपहरणकर्ताओं के बाबा खान नेटवर्क से जुड़े होने की जानकारी मिली है। मामले की फिलहाल जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, तीनों ने 20 सितंबर को गुजरात से अपनी यात्रा शुरू की थी। अमेरिका पहुंचाने के लिए कथित एजेंटों को प्रति व्यक्ति लाखों रुपये दिए गए थे। तीनों जयपुर और अबू धाबी होते हुए इथियोपिया पहुंचे थे। 22 सितंबर के बाद परिजनों का उनसे संपर्क टूट गया था। इसके बाद ममता चावड़ा के पिता किरीट चौहान ने लांघणज पुलिस से संपर्क किया था। शिकायत के अनुसार, ममता के पति चिरागकुमार करीब छह महीने पहले स्टूडेंट वीजा पर अमेरिका गए थे। ममता ने कथित तौर पर अमेरिका का वीजा हासिल करने के लिए छह बार प्रयास किया था, लेकिन हर बार असफल रही। इसके बाद परिवार ने कथित तौर पर अवैध रास्ते से अमेरिका भेजने के लिए बिचौलियों से संपर्क किया। गेहलोत के अनुसार, परिवार ने शुरुआत में जितुभाई नाम के एक व्यक्ति से संपर्क किया था। उसने मेहसाणा के एजेंट अल्पेश पटेल से संपर्क कराया।

अल्पेश ने इसके बाद उन्हें वडोदरा के भार्गव पटेल से मिलवाया। पुलिस के मुताबिक, तीनों को अमेरिका पहुंचाने के लिए कथित तौर पर प्रति व्यक्ति करीब 75 लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। हालांकि, इससे पहले परिवार के सदस्यों ने मीडिया को बताया था कि उन्होंने एजेंटों को प्रति व्यक्ति करीब 70 लाख रुपये दिए थे। इथियोपिया पहुंचने के बाद खुद को 'खान' बताने वाले एक व्यक्ति ने कथित तौर पर परिवार से संपर्क किया और तीनों की रिहाई के बदले एक करोड़ रुपये की मांग की। रुत्विक के दादा कानुभाई जंसारी ने दावा किया था कि तीनों को कथित तौर पर बंधक बनाए जाने के बाद 60 लाख रुपये का भुगतान किया गया, लेकिन इसके बावजूद एक करोड़ रुपये की मांग जारी रही। इसके बाद परिवारों ने तीनों की सुरक्षित वापसी के लिए सरकार से हस्तक्षेप की मांग की। अब तीनों के भारत लौटने के बाद पुलिस कथित अपहरण, फिरौती की मांग और उनकी यात्रा की व्यवस्था करने वाले एजेंटों की भूमिका की जांच कर रही है। अमेरिका पहुंचने के लिए अवैध प्रवासी मार्गों का इस्तेमाल करने से जुड़े गुजरात के लोगों के मामलों में यह नया मामला है।

CMYK

page 8_Layout 1 01-10-2026 21:38 Page 1

लोकसभा सदस्य मीत हेयर ने किया 'बरनाला चैंपियन लीग' का ऐलान, लाखों रुपये के नकद पुरस्कार और ग्रांटें होंगी वितरित



डेली आवाज भारती

बरनाला। बरनाला के युवाओं को खेलों के क्षेत्र में अधिक अवसर प्रदान करने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोकसभा सदस्य संगरूर एवं पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव गुरमीत सिंह मीत हेयर द्वारा क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए एक विशेष पहल की गई है। बरनाला प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने बताया कि बरनाला विधानसभा क्षेत्र में 9 अक्टूबर से 'बरनाला चैंपियन लीग' आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस क्रिकेट लीग का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाना, प्रतिभा को उभारना तथा उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रखकर खेल के मैदानों से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट के दौरान लाखों रुपये के पुरस्कार और ग्रांटें वितरित की जाएंगी। इसमें विजेता टीम को 3 लाख रुपये, दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 1.5 लाख रुपये, तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 1 लाख रुपये और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 51 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके साथ ही प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीम के संबंधित वार्ड या ग्राम पंचायत को 11 लाख रुपये की ग्रांट दी जाएगी।

नशे के ठिकानों पर खन्ना पुलिस का बुलडोजर : दो जगह चला पीला पंजा

डेली आवाज भारती

6 एनडीपीएस मामलों वाले युवक के मकान पर कार्रवाई; अलौड़ में 15 साल से बंद पुराने फैक्टरी कमरे को भी ढहाया



खन्ना/लुधियाना/रवीश कपूर : नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खन्ना पुलिस ने बुधवार को नशा तस्करी और नशे के सेवन से कथित रूप से जुड़े दो स्थानों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। कार्रवाई एसएसपी खन्ना डॉ. दर्पण आहलूवालिया के दिशा-निर्देशों पर तथा डीएसपी खन्ना विनोद कुमार की अगुवाई में की गई। पुलिस के अनुसार, पहली कार्रवाई खन्ना के मीट मार्केट क्षेत्र में करीब 22 वर्षीय सुमित औजला पुत्र मंगा के मकान पर की गई। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक सुमित औजला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत छह मामले दर्ज हैं। संबंधित कार्रवाई नगर परिषद खन्ना के अधिकारियों के माध्यम से निर्धारित नियमों के अनुसार की गई। इसी कड़ी में दूसरी कार्रवाई गांव अलौड़ में स्थित एक पुराने फैक्टरी कमरे के खिलाफ की गई। पुलिस के मुताबिक यह कमरा करीब 15 वर्षों से बंद पड़ा था और इसे नशे के सेवन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले स्थान के रूप में चिन्हित किया गया था। पुलिस ने बताया कि विदेश में रह रहे एनआरआई मालिक से आवश्यक संपर्क स्थापित करने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत कमरे को ढहाने की कार्रवाई की गई। एसएसपी खन्ना डॉ. दर्पण आहलूवालिया ने कहा कि नशे की सप्लाई और सेवन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले स्थानों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए पुलिस हरसंभव प्रयास कर रही है।

इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कुराली में क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित



डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कुराली में वीरवार को 'लर्निंग आउटकम्स एंड पैडागॉजीज' विषय पर क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन मैडम स्नेह लता और मैडम आरती शर्मा ने शिक्षकों को विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से आए 55 शिक्षकों ने भाग लिया। सत्र के दौरान शिक्षकों को विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों तथा प्रभावी शिक्षण विधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। यह सत्र बेहद रोचक एवं ज्ञानवर्धक रहा। स्कूल के डायरेक्टर श्री ए.के. कौशल ने रिसोर्स पर्सन और कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी शिक्षकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के क्षमता विकास कार्यक्रम शिक्षकों के ज्ञान में वृद्धि करने के साथ-साथ उनकी शिक्षण क्षमता को और मजबूत करने में सहायक होते हैं।

खेलां वतन पंजाब दियां 2026 सीजन-4

बाबा काला मेहर स्टेडियम में जिला स्तरीय मुकाबलों का शानदार आगाज





- हलका इंचार्ज हरिंदर धालीवाल और ए.डी.सी. हरजिंदर सिंह बेदी ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

डेली आवाज भारती

बरनाला। पंजाब सरकार द्वारा आयोजित 'खेलां वतन पंजाब दियां 2026' सीजन-4 के तहत आज बाबा काला मेहर स्टेडियम में जिला स्तरीय खेल मुकाबलों की शानदार शुरुआत हुई। इन खेलों का औपचारिक उद्घाटन हलका इंचार्ज हरिंदर सिंह धालीवाल, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) हरजिंदर सिंह बेदी और स्पोर्ट्स वेलफेयर के ब्लॉक चेयरमैन अरविंद तेजपाल ने किया। जिला खेल अधिकारी रुपेश कुमार बेगड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन खिलाड़ियों में भारी उत्साह देखने को मिला और विभिन्न आयु वर्गों में रोमांचक मुकाबले करवाए गए। उद्घाटन समारोह के अवसर पर



डी.एम. (स्पोर्ट्स) सिमरदीप सिंह सिद्धू, एम.सी. विक्की धालीवाल, वेटलिफ्टिंग कोच गुरविंदर कौर, वॉलीबॉल कोच अजय नगर, एथलेटिक्स कोच जसप्रीत सिंह, एथलेटिक्स कोच हरनेक सिंह, कुश्ती कोच विश्वदीप सिंह और किक बॉक्सिंग कोच जसप्रीत सिंह सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेलें

बरनाला में चल रही रग्बी प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न



बाबा काला मेहर स्टेडियम बरनाला में 70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेलों की रग्बी अंडर-19 (लड़कियां) की विजेता टीम को सम्मानित करते हुए गणमान्य व्यक्ति।

डेली आवाज भारती

बरनाला। जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी शिक्षा) सुनीतइंदर सिंह गिल और उप जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी शिक्षा) डॉ. बरजिंदरपाल सिंह के नेतृत्व में यहां बाबा काला मेहर स्टेडियम में चल रही 70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेलों की रग्बी प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हो गईं। इन खेलों में संगरूर की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी शिक्षा) बरनाला सुनीतइंदर सिंह गिल विशेष रूप से पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों द्वारा दिखाई गई खेल भावना की सराहना करते हुए विजेता टीमों को बधाई दी। उन्होंने विजेता टीमों को पदक एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। डी.एम. स्पोर्ट्स बरनाला सिमरदीप सिंह सिद्धू ने बताया कि क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में श्री मुक्तसर साहिब ने बरनाला, मालेरकोटला ने फरीदकोट और अमृतसर ने मोगा को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। संगरूर और अमृतसर के बीच खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में संगरूर तथा मालेरकोटला और श्री मुक्तसर साहिब के बीच खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में श्री मुक्तसर साहिब की टीम विजयी रही। फाइनल मुकाबले में संगरूर ने श्री मुक्तसर साहिब को हराकर पहला स्थान हासिल किया। वहीं अमृतसर ने मालेरकोटला को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर टूर्नामेंट ऑब्जर्वर जगदीश सिंह, कमलजीत सिंह, गुरचरण सिंह बेदी, अर्चना, अर्शदीप सिंह और लखवीर सिंह सहित विभिन्न जिलों से आए टीम इंचार्ज, कोच एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

कौन बनेगा पंजाब कांग्रेस का नया अध्यक्ष?

कांग्रेस की ओर से औपचारिक घोषणा अभी बाकी

- पूर्व मंत्री विजय इंदर सिंगला नए पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे
- विजय इंदर सिंगला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री रह चुके
- सबसे बड़ी जिम्मेदारी पार्टी के अलग-अलग गुटों के बीच तालमेल बनाने की होगी

डेली आवाज भारती





अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। वड़िंग अप्रैल 2022 से पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष थे। पार्टी अब नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम का ऐलान करने की तैयारी में है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, पूर्व मंत्री विजय इंदर सिंगला नए पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। हालांकि कांग्रेस की ओर से उनके नाम की औपचारिक घोषणा अभी बाकी है। इसके अलावा परगट सिंह और सुखजिंदर सिंह रंधावा समेत कुछ अन्य नामों पर भी चर्चा की गई है। पंजाब कांग्रेस में पिछले कुछ समय से संगठन के भीतर मतभेद और गुटबाजी की चर्चाएं चल रही थीं। कांग्रेस के पंजाब प्रभारी सचिन पायलट ने सितंबर में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, सांसदों, विधायकों और संगठन के पदाधिकारियों से बातचीत की थी। इसके बाद उनकी रिपोर्ट हाईकमान के सामने रखी गई। रिपोर्टों के मुताबिक, संगठन में चल रहे मतभेदों और मौजूदा नेतृत्व को लेकर फीडबैक भी इसमें शामिल था। इसके बाद हाईकमान ने वड़िंग को पद में बदलाव के संकेत दिए।

विजय इंदर सिंगला का नाम क्यों चर्चा में?

विजय इंदर सिंगला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पंजाब सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, उन्हें पार्टी के संगठन और चुनाव प्रबंधन से जुड़ी जिम्मेदारियां भी दी गई थीं। 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के सामने राज्य संगठन को लेकर कई चुनौतियां हैं।अगर सिंगला के नाम पर अंतिम मुहर लगती है, तो उनके सामने सबसे बड़ी जिम्मेदारी पार्टी के अलग-अलग गुटों के बीच तालमेल बनाने और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए संगठन को तैयार करने की होगी।

एलपीयू हिंसा में 3 आरोपी अरेस्ट, यूनिवर्सिटी में तोड़फोड़ के आरोप, एक डोमिनोज का पिज्जा डिलीवरी बॉय

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः पंजाब में फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (LPU) हिंसा में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर यूनिवर्सिटी कैंपस में तोड़फोड़ करने के आरोप हैं। आरोपियों की पहचान फगवाड़ा में टिब्बी मोहल्ला के रहने वाले गगन, जेम्स दहिया और अभि के रूप में हुई है। इनमें से जेम्स दहिया LPU का ही स्टूडेंट है जबकि गगन डोमिनोज के लिए पिज्जा डिलीवरी का काम करता था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों को फगवाड़ा कोर्ट में पेश कर 3 दिन की रिमांड पर लिया है। इस दौरान इनसे घटना में इनकी इन्वॉल्वमेंट के बारे में पूछताछ की जाएगी। पुलिस ने मामले की जांच के लिए 2 SIT टीमों का भी गठन किया है। एक SIT एफआईआर नंबर 163, 105 और 106 से जुड़े मामलों की अलग-अलग जांच कर रही है। वहीं, दूसरी टीम यूनिवर्सिटी परिसर और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ डिजिटल साक्ष्य जुटा रही है। फगवाड़ा पहुंचे आरोपी गगन के मामा ने कहा कि गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद फगवाड़ा कोर्ट पहुंचे लेकिन पुलिस कुछ भी बताने को तैयार नहीं। गगन पर पहले कोई मामला दर्ज नहीं है। गगन की गिरफ्तारी को लेकर परिवार काफी चिंतित है। परिवार के अनुसार, गगन डोमिनोज में पिज्जा डिलीवरी का काम करता है और डेढ़ महीने पहले ही नौकरी पर लगा था। जांच अधिकारी ने आरोपियों के बारे में कोई खुलासा नहीं किया।

क्या है एलपीयू परिसर में हिंसा का मामला

एलपीयू *हॉस्टल में एक छात्रा के साथ बाहर से आए प्लंबर ने रेप किया है और प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस सूचना के बाद हजारों छात्र भड़क गए। छात्रों ने यूनिवर्सिटी के अंदरूनी हिस्सों और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और परिसर में बने यूनि मॉल की दुकानों में तोड़फोड़ व लूटपाट की। प्रदर्शनकारियों ने जालंधर-फगवाड़ा मार्ग पर स्थित नेशनल हाईवे-44 को 18 घंटे से अधिक समय तक जाम रखा, जिससे भारी यातायात बाधित हुआ।*

बच्चों को लेकर जा रही स्कूल बस पलटी, होशियारपुर में सुबह-सुबह मची चीख-पुकार

- मुरादपुर गांव के पास निजी स्कूल की बस अचानक बेकाबू हो गई

डेली आवाज भारती

होशियारपुर। होशियारपुर में सुबह-सुबह स्कूल बस हादसे का शिकार हो गई। बच्चों को लेकर जा रही निजी स्कूल की बस अचानक बेकाबू हो गई और वह खेतों में पलट गई। हादसे के बाद बस में बैठे बच्चों में चीख-पुकार मच गई। जिसके बाद राहगीरों और गांववालों ने बच्चों को सुरक्षित निकाला। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। हादसे में 2 से 3 बच्चों को चोटें आई हैं पर गनीमत रही किसी को गंभीर चोट नहीं आई। जानकारी के मुताबिक एक निजी स्कूल बस 50 बच्चों को ले जा रही थी, जब बस मुरादपुर गांव के पास पहुंची, तो स्कूटर चालक को बचाने के लिए ड्राइवर ने बस को सड़क के किनारे की तरफ मोड़ दिया। जिस कारण बस बेकाबू होकर खेतों में पलट गई।



पुलिस मामले की जांच में जुटी

हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बच्चों को रेस्क्यू कर स्कूल और बच्चों के परिजनों को इस बारे में जानकारी दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस पता लगाने में जुटी है कि हादसा किस की गलती से हुआ है।

खरड़, खिजराबाद अनाज मंडियों में धान की सरकारी खरीद के प्रबंधों का परमिंदर सिंह गोल्डी ने लिया जायजा

डेली आवाज भारती



खरड़, संदीप अकालगढ़िया,, पंजाब भर की अनाज मंडियों में आज 1 अक्टूबर से सरकारी धान की खरीद शुरू हो गई है। इसी के तहत परमिंदर सिंह गोल्डी ने आज हलका खरड़ की खरड़, कुराली और खिजराबाद अनाज मंडियों का दौरा कर धान की सरकारी खरीद संबंधी किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। इस दौरान गोल्डी ने तीनों मंडियों में मार्केट कमेटी के अधिकारियों और स्टाफ से बातचीत कर धान की आमद, खरीद, तौल, लिफ्टिंग तथा किसानों के लिए किए गए अन्य प्रबंधों की जानकारी हासिल की। उन्होंने मंडियों में मौजूद किसानों से भी बातचीत की और धान की खरीद संबंधी उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने। इस मौके पर परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि पंजाब सरकार किसानों के साथ खड़ी है और धान की खरीद प्रक्रिया को सुचारू ढंग से पूरा करने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को मंडियों में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और उनकी फसल की समय पर खरीद हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

धान की सरकारी खरीद शुरू होने की खुशी में परमिंदर सिंह गोल्डी की ओर से किसानों का मुंह मीठा भी करवाया गया। उन्होंने किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार की ओर से खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए पूरे प्रबंध किए गए हैं तथा किसानों को अपनी फसल बेचते समय किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर बहादुर सिंह, प्रधान नगर कौंसिल कुराली, सुखविंदर सिंह बिट्टू, चेयरमैन मार्केट कमेटी खरड़, कुशलपाल राणा, चेयरमैन मार्केट कमेटी कुराली, राम सरूप, बलजीत सिंह (मीडिया इंचार्ज, हलका खरड़, आप), प्रिंस धालीवाल, ब्लॉक प्रधान जुझार सिंह, सतविंदर सिंह, सुरिंदर सिंह, जग्गी कदीमाजरा, गुरिंदर सिंह पूर्व सरपंच खिजराबाद, इंद्रजीत सिंह गिल, अनिल भाटिया, सुखदेव सिंह पंच, नरेंद्र शर्मा और सोनू सहित अन्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसके अलावा मार्केट कमेटी खरड़ और कुराली के अधिकारी एवं स्टाफ भी मौजूद रहे। ब्लॉक समिति सदस्य बलजीत सिंह, जगजीत सिंह और जगतार सिंह के अलावा किसान नेता दविंदर सिंह, जसपाल सिंह और गुरमीत सिंह भी इस मौके पर उपस्थित थे।

'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया गया



डेली आवाज भारती

बरनाला। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत जिला रक्षा सेवाएं कल्याण कार्यालय बरनाला के स्टाफ द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला रक्षा सेवाएं कल्याण अधिकारी बरनाला, कमांडर दिलप्रीत सिंह कंग (सेवानिवृत्त) ने बताया कि उनके कार्यालय द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत विशेष रूप से सफाई की गई। देशभर में चलाए जा रहे इस स्वच्छता अभियान के तहत कार्यालय में आने वाले पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों से अपील की गई कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों, जैसे खाली प्लॉटों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फेंकें तथा कूड़े को हमेशा निर्धारित डंपिंग स्थलों पर ही डालें। उन्होंने कहा कि इससे गंदगी से होने वाली बीमारियों से बचाव किया जा सकेगा और शहर के वातावरण को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा बनाए रखने में मदद मिलेगी। इसके अलावा उन्होंने बरनाला जिले की आम जनता से भी अपील की कि इस स्वच्छता अभियान को 'जन आंदोलन' बनाकर देश को प्रदूषण मुक्त करने में अपना बहुमूल्य योगदान दें।